हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

RENAULT TRIBER

3 YEARS WARRANTY

price starting at

₹5.80 L*

625 L बूट स्पेस#

ऑटो AC रियर वेंट्स के साथ

5 से 7 सीट्स, वन टच फोल्ड और टम्बल के साथ

*the price mentioned above is the ex-showroom price for the base variant. all Renault vehicles now come with a standard warranty of 3 years or 100 000 km, whichever comes first. #625 litres boot space with 5-seater configuration and 3rd row seats removed. the price/features mentioned in this advertisement may vary depending on the model/variant and features in the car. corporate / PSU / defence personnel / government employee / professional benefits applicable on each model are basis eligibility of the customer and based on submission of required proof by the customer. the final price valid will be the one on the date of purchase. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in

Renault recommends Castrol

renault.co.in

SHOWROOMS: CHHATTISGARH: RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.





ब्रिक्स समिट के लिए तैयार हुई राजधानी

12, 13 सितंबर को होगा भारत मंडप में 18वां ब्रिक्स सम्मेलन

अलर्ट मोड पर सुरक्षा एजेंसियां, ट्रैफिक प्लान भी हुआ तैयार

विदेशी मेहमानों का इंडियन स्वैग से होगा स्वागत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शीर्ष नेताओं की मौजूदगी वाले इस हाई-प्रोफाइल अंतरराष्ट्रीय आयोजन की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। वहीं विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए भारत मंडपम सहित सभी तय रूट और रास्तों को शानदार तरीके से सजाया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले विदेशी डेलीगेशन को कहीं किसी तरह की समस्या न हो। इसका पूरा ध्यान रखा गया है। मेहमानों के रहने के लिए 11 होटलों में व्यवस्था की गई है।





सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

दिल्ली में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान 25 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। 100 से ज्यादा एनएसजी कमांडो और एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात होंगे। सुरक्षा के लिए एंटी-एयरक्राफ्ट गन, स्नाइपर और एंटी-सबोटाज टीम भी लगाई गई हैं। इस कार्यक्रम को लेकर दिल्ली की ट्रैफिक का प्लान भी तैयार कर लिया गया है। कहां कौन- कौन से रास्ते बंद रहेंगे। वीवीआईपी के लिए क्या रूट होगा? ये सारी चीजें तय हो चुकी हैं। आतंकवाद-रोधी कमांडो फोर्स नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) ने अपने विशेष ऑपरेशन 'ब्रिक्स कवच' के तहत दिल्ली में बड़े स्तर पर सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी मॉक ड्रिल की।

लिखा- आकाश को अपने ससुर से ज्यादा लगाव

मायावती भतीजे पर भड़कीं फिर निकाल दिया पार्टी से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बसपा प्रमुख मायावती के परिवार में सियासी कलह बढ़ती जा रही है। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी से निकाल दिया है। मायावती ने गुरुवार सुबह 9 बजे एक्स पर लिखा- आकाश को अपने ससुर से ज्यादा लगाव है। वह डबल माइंड हो गए हैं। 3 सितंबर से उन्होंने मेरी पोस्ट को रिपोस्ट तक नहीं किया। अगर वह पार्टी में स्वतंत्र रहना चाहते हैं तो वे स्वतंत्र हैं। इसलिए आज से उन्हें पार्टी से आजाद कर दिया गया है। उनके ससुर ने इस्तीफे में देरी कर दी।



मायावती ने कल यानी बुधवार आकाश की पार्टी में पद वापस देने के लिए उनके ससुर और पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास की शर्त रखी थी। मायावती की इस शर्त के करीब 17 घंटे बाद अशोक सिद्धार्थ ने गुरुवार सुबह 7 बजे राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने एक्स पर भावुक पोस्ट करते हुए लिखा- संन्यास तो छोटी बात है। बहनजी के लिए जान भी दे सकता हूं। उनके आदेश के आगे परिवार, रिश्ते-नाते सब बहुत छोटे हैं। मैंने कभी आकाश को गुमराह करने की कोशिश नहीं की।

माना जा रहा था लौटाएंगी पद

समधी के इस्तीफे के ऐलान के बाद माना जा रहा था कि मायावती आकाश को पार्टी में पद लौटा देंगी। लेकिन, सबको चौंकाते हुए उन्होंने आकाश को पद लौटाना तो दूर की बात उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। 3 साल में यह दूसरा मौका है, जब मायावती ने आकाश को पार्टी से बाहर निकाला। मायावती ने 7 दिन पहले पार्टी के नंबर दो पद राष्ट्रीय संयोजक से आकाश को हटाया था। तब कहा था- आकाश को अभी राजनीतिक रूप से और अधिक परिपक्व होने की जरूरत है।

सबसे कम कीमत पर
Machine Made Jewellery
Gold Rate (x) * with Making %
22k Gold Value | Making Charges | Total %
91.6% + 1.99% = 93.59%
Jewellery Price* per 10 grams.
₹ 1,42,531/-
making charges included
ANAND Gold
पंडरी, रायपुर

सत्य निकेतन हादसे के बाद बड़ा फैसला

दिल्ली सरकार बनाएगी अपनी 'स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स

फायर सर्विस और सिविल डिफेंस को भी मिलेगी स्पेशल ट्रेनिंग



नई दिल्ली। सत्य निकेतन हादसे को देखते हुए दिल्ली सरकार ने अपनी 'स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स' (एसडीआरएफ) गठित करने की योजना बनाई है। नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) के साथ हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में एसडीआरएफ के गठन को लेकर फैसला लिया गया। इस योजना के तहत दिल्ली में लगभग 1,100 जवानों की एक एसडीआरएफ बटालियन गठित की जाएगी। एसडीआरएफ के इन जवानों को आपदा प्रबंधन, राहत अभियानों और आपातकालीन बचाव कार्यों के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिल्ली फायर सर्विस के कर्मचारियों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को भी विशेष आपदा-प्रतिक्रिया प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य है कि भूकंप, बाढ़, इमारत ढहने या अन्य आपदाओं की स्थिति में दिल्ली में तत्काल स्थानीय स्तर पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया जा सके।

6 सितंबर को हुआ था हादसा

बता दें, दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन में 6 सितंबर को इमारत हादसा देखने को मिला. इस हादसे के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) एक्शन मोड में आ गई है। अब एमसीडी ने ढही हुई इमारत से बिल्कुल सटी दूसरी बहुमंजिला बिल्डिंग को गिराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही दिल्ली के कई इलाकों में भी अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया गया है। सत्य निकेतन इमारत हादसे के बाद दिल्ली नगर निगम ने अवैध निर्माण और खतरनाक पीजी इमारतों के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। टीमों ने मुखर्जी नगर, जनकपुरी, लक्ष्मी नगर, उत्तम नगर और पांडव नगर जैसे इलाकों में ध्वस्तीकरण किया है।

खबर संक्षेप

सलेम की समय से पहले रिहाई की मांग खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में दोषी गैंगस्टर अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।



जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले में कोई खामी नहीं पाई, जिसमें सलेम की याचिका खारिज की गई थी। सलेम ने दावा किया था कि जेल में मिली सजा में छूट को जोड़ने के बाद वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है, इसलिए रिहा किया जाना चाहिए।

ड्रोन अटैक : बाल बाल बचे जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का विमान मोल्दोवा से नॉर्वे के लिए उड़ान भरते समय एक अज्ञात ड्रोन से टकराने से बाल-बाल बच गया। जेलेंस्की नॉर्वे के दिवंगत राजा हेराल्ड पंचम के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ओस्लो जा रहे थे। तभी उनकी सुरक्षा में यह गंभीर चूक सामने आई। नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने इस घटना की पुष्टि की और कहा कि यह यूक्रेनी राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान बने सुरक्षा खतरे की गंभीरता को दिखाता है।



सीजेपी प्रोटेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

एफआईआर पर यूपी-दिल्ली सरकार को नोटिस


'14 साल की लड़की को डराने-धमकाने के आरोपों को हल्के में नहीं लिया जा सकता'

सुप्रीम कोर्ट ने सीजेपी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वाली 14 साल की लड़की को परेशान करने और उसके घर में तोड़-फोड़ के आरोपों को गंभीरता से लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा है कि वे लड़की की एफआईआर पर कार्रवाई और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। शीर्ष अदालत ने दिल्ली और यूपी सरकार से इस कार्रवाई पर रिपोर्ट मांगी है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने कोर्ट ने कहा है कि 14 साल की लड़की को डराने-धमकाने के आरोपों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा कि किसी को भी आपराधिक कार्रवाई करने के लिए पीड़ित या उसके परिवार को डराने-धमकाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। दरअसल, यह मामला तब सामने आया जब वकील ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच को बताया कि लड़की के खिलाफ एक जवाबी एफआईआर दर्ज की गई थी, जबकि उस पर हमला करने और उसे डराने-धमकाने में शामिल लोग अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। कोर्ट ने यह बात स्वतंत्र भारद्वाज मामले में कही गई, जिसमें वकील ने बताया कि लड़की की शिकायत पर अब पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वकील ने यूपी-दिल्ली से एफआईआर, लड़की को दी गई सुरक्षा और कथित तौर पर शामिल लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट मांगी है।

राजधानी दिल्ली में जून में हुआ था काकरोच जनता पार्टी का आंदोलन



एफआईआर पर तत्काल कार्रवाई की जाए

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि उन्हें बच्ची के सोशल मीडिया पोस्ट से इस मुद्दे की जानकारी मिली थी। वकील ने बताया कि ऐसे वीडियो मौजूद हैं, जिनमें चार पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों पर हमला करने वाले उपद्रवियों के साथ दिख रहे हैं और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने सॉलिसिटर जनरल से कहा कि हम चाहते हैं कि उस एफआईआर पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा पीड़ित और परिवार को पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए।

जरूरत से ज्यादा कार्रवाई पर कोर्ट का दखल

सुप्रीम कोर्ट ने सीजेपी विरोध प्रदर्शनों के दौरान दिल्ली मेट्रो के 17 स्टेशनों को बंद करने से जुड़े संवैधानिक सवालों को उठाने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि आम तौर पर अदालतें कानून-व्यवस्था के मामले में एग्जीक्यूटिव के फैसले को मानती हैं, लेकिन जब इस अधिकार का इस्तेमाल जरूरत से ज्यादा या असंतुलित तरीके से किया जाता है, तो अदालती जांच की जरूरत पड़ती है। जस्टिस बागची ने आगे कहा कि ऐसे मामलों में एसओपी असल में एक छलावा है। जब ऐसे सवाल उठते हैं, तो अदालतें एग्जीक्यूटिव अथॉरिटी के फैसले को मानती रही हैं।

पैकेज्ड फूड पर चेतावनियों में देरी एफएसएसएआई को फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने पैकेज्ड फूड पर चेतावनी लेबल को लेकर एफएसएसएआई से नाराजगी जताई है। कोर्ट ने पूछा है कि पैकेजिंग पर चेतावनी में देरी क्यों हो रही है। अदालत ने इस मामले में और जानकारी मांगी है। साथ ही यह भी पूछा गया कि नमक और सोडियम की मात्रा को लेकर चेतावनी को लेकर क्या फैसला हुआ है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि पहले हुई बैठक में स्टेकहोल्डर्स के साथ एफएसएसएआई ने कुछ बातों पर सहमति जताई थी, लेकिन अब वह अपनी बात से पलट गया है। वकील ने कहा कि आज एफएसएसएआई ने पूरी तरह यू टर्न ले लिया है, जो पहले तय हुआ था उससे अलग रुख अपना लिया है। इस मामले में सीनियर एडवोकेट मनिंदर सिंह ने अदालत में अपनी दलील रखी. उन्होंने बताया कि आईसीएमआर की गाइडलाइंस में दो श्रेणियां तय की गई हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि खाने की चीजों की जांच खास शर्तों के आधार पर होनी चाहिए। यानी टेस्टिंग सौ ग्राम की मात्रा पर और साथ ही हर सर्विंग की मात्रा पर भी होनी चाहिए, ताकि उपभोक्ता को सही जानकारी मिल सके।

प्रियंका के नाम पर हो रही ठगी, स्कैम अलर्ट जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम और उनके आवाज का इस्तेमाल कर साइबर ठग लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। इसको लेकर प्रियंका गांधी के कार्यालय ने इंस्टाग्राम पर गुरुवार को 'स्कैम अलर्ट' जारी किया है। कार्यालय ने बताया कि वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रियंका गांधी की एआई से बनी फर्जी फोटो और आवाज वाले वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में लोगों से पैसे निवेश करने के लिए कहा जा रहा है। कार्यालय ने साफ कहा है कि ये सभी वीडियो स्कैम हैं। लोगों से अपील की गई है कि ऐसे किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और न ही निवेश करें। ऐसे पोस्ट को रिपोर्ट और ब्लॉक करें। आजकल साइबर ठग लोगों का भरोसा जीतने के लिए रोज नए-नए तरीके निकाल रहे हैं। बड़े नेताओं और जानी-मानी हस्तियों की एआई से आवाज और वीडियो बनाकर लोगों को भरोसे में लिया जा रहा है और लाखों-करोड़ों की ठगी की जा रही है। इससे पहले अगस्त महीने में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम पर भी ऐसा ही फर्जी वीडियो सामने आया था, जिसका सरकार ने खंडन किया था।



अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें

एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर कोई वीडियो आपको बहुत ज्यादा मुनाफे का लालच दे रहा है, तो सतर्क हो जाएं। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और किसी भी निवेश योजना में पैसा लगाने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर करें। सरकार या किसी नेता की तरफ से ऐसी कोई योजना आती है तो उसकी जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर जरूर देखें।

भाटिया के खिलाफ पोस्ट हटाएगी सीजेपी, मानी हाईकोर्ट की बात

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा है कि वो बीजेपी नेता और अधिवक्ता गौरव भाटिया के खिलाफ किए गए फर्जी कोट्स को हटा देंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने बीजेपी नेता गौरव भाटिया द्वारा दायर मानहानि मुकदमे में सीजेपी को समन भी जारी किया है। कोर्ट ने आशुतोष रांका के वकील का बयान भी दर्ज किया कि जिस ट्वीट पर विवाद है, उसे पहले ही हटाया जा चुका है। हालांकि, उन्होंने कहा कि रीपोस्ट किया गया पोस्ट आज हटा दिया जाएगा।



पांच सितंबर को शुरू हुआ था विवाद

सीजेपी नेताओं और गौरव भाटिया के बीच पांच सितंबर को एक्स पर विवाद शुरू हुआ था। सीजेपी नेताओं के पोस्ट में भाटिया के हवाले से कहा गया था कि 'स्वतंत्र भारद्वाज नामक युवा एक दिमागी नक्सली है उसके अंदर जातिवादी जहर भरा हुआ था भाजपा सरकार से इसका कोई लेना नहीं है।' इसके बाद भाटिया ने पोस्ट हटाने की चेतावनी देते हुए माफी की मांग की और मानहानि का मुकदमा दाखिल किया।

अमेरिकी रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

भारत के पास 190 परमाणु बम, और बढ़ेगा आंकड़ा

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

भारत के परमाणु जखीरे में 190 हथियार होने का अनुमान है, जिनमें वर्तमान में निर्मित की जा रही नई मिसाइलों के लिए 30 अतिरिक्त परमाणु हथियार भी शामिल हैं। 'फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स' (एफएएस) ने भारत के परमाणु हथियारों पर जारी नई रिपोर्ट में दावा किया है। ये दावा ओपन सोर्स, सरकारी डेटा और कमर्शियल सैटेलाइट्स से ली गई तस्वीरों के विश्लेषण के आधार पर किया गया है। वहीं, हाल ही में साल 2026 में दुनिया में परमाणु बमों की संख्या का ताजा आंकड़ा भी सामने आया है। एफएएस के मुताबिक भारत के पास अभी 9 परमाणु क्षमता वाले सिस्टम ऑपरेशनल हैं।

हथियार के जखीरे का आधुनिकीकरण

बुधवार को एक आर्टिकल में बताया गया है कि भारत अपने परमाणु हथियार के जखीरे को आधुनिक बनाने का काम जारी रखे हुए है। हाल के वर्षों में कई नई हथियार प्रणाली तैनात की गई हैं और कई अन्य प्रणाली विकसित की जा रही हैं, ताकि परमाणु हथियार से लैस किए जा सकने वाले मौजूदा विमानों, सतह से मार करने वाली मिसाइल और समुद्र-आधारित प्रणाली को बेहतर बनाया जा सके, या उनकी जगह नई प्रणाली लाई जा सके।

एनजीओ ने दाखिल की याचिका, केंद्र को भेजा गया नोटिस

18 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं चला पाएंगे सोशल मीडिया?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एक एनजीओ ने याचिका दाखिल की है, जिसमें नाबालिगों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल के लिए माता-पिता की सहमति अनिवार्य करने की मांग की गई है। यह कदम बच्चों को साइबरबुलिंग और शोषण से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने गैर-सरकारी संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने बच्चों को ऑनलाइन कंटेंट से बचाने के लिए डिजिटल सिस्टम में फायरवॉल की जरूरत पर जोर दिया।

खास बातें

- कानूनी तौर पर मान्यता प्राप्त तरीके से ही एक्सेस देने की मांग
- शामिल हो माता-पिता या अभिभावक का वेरिफिकेशन/ई-केवायसी



इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी रूल्स, 2021 में बदलाव की मांग

एनजीओ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस की याचिका में कहा गया है कि फेसबुक और स्नैपचैट (इंडिया) जैसे प्लेटफॉर्म यूजर्स को 13 साल की उम्र से अकाउंट बनाने की इजाजत दे देते हैं, जबकि 13 साल की उम्र में बच्चों की समझ बहुत विकसित नहीं होती है। भारतीय कानून के अनुसार 18 साल से कम उम्र के लोगों को नाबालिग माना जाता है। याचिका में यह कहा गया है कि इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी रूल्स, 2021 में बदलाव किया जाए ताकि यह पक्का हो सके कि कोई भी डिजिटल प्लेटफॉर्म माता-पिता या कानूनी अभिभावक की सहमति के बिना 18 साल से कम उम्र के बच्चे के साथ कॉन्ट्रैक्ट न करे।

माता-पिता की मंजूरी जरूरी

एनजीओ ने अपनी याचिका में यह मांग भी की है कि ऐसी गाइडलाइंस हों कि किसी नाबालिग को डिजिटल प्लेटफॉर्म एक्सेस करने या इस्तेमाल करने की इजाजत हो, तो ऐसी एक्सेस कानूनी तौर पर मान्यता प्राप्त तरीके से हो जिसमें माता-पिता या कानूनी अभिभावक शामिल हों। माता-पिता या अभिभावक का वेरिफिकेशन/ई-केवायसी शामिल हो ताकि उन्हें सुरक्षित माहौल मिले। बच्चों को सुरक्षित माहौल में ही सोशल मीडिया तक पहुंच देने के पीछे एनजीओ का उद्देश्य उन्हें यौन शोषण, ट्रैफिकिंग, साइबरबुलिंग और उम्र के हिसाब से गलत कंटेंट जैसे रिस्क के खतरे में डालने से बचाना है।

बच्चों के सामने कौन-कौन से खतरे

याचिका में बच्चों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का स्वतंत्र रूप से इस्तेमाल करने से जुड़े कई संभावित खतरों का जिक्र किया गया है। इसमें ऑनलाइन ग्रूमिंग, यौन शोषण, मानव तस्करी, साइबरबुलिंग, निजी डेटा का दुरुपयोग और उम्र के लिहाज से अनुपयुक्त कंटेंट शामिल हैं। याचिका में यह भी चिंता जताई गई है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों के आधार पर उनके व्यवहार की निगरानी की जा सकती है। इससे बच्चों की निजता और सुरक्षा से जुड़े जोखिम बढ़ सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

हरिभूमि ने प्रमुखता से बच्चों की इस समस्या को प्रकाशित किया था, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वत: संज्ञान



अधूरे पुल पर 20 फीट सीढ़ी चढ़कर स्कूल का सफर... गूंज दिल्ली तक, सीएस से दो हफ्ते में मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम देहारगुड़ा खामभाठा के बीच अधूरे पुल से स्कूली बच्चों के नदी पार करने के मामले मे राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एनएचआरसी ने एक्शन लिया है। इसे बच्चों की सुरक्षा और मानव अधिकार से जुड़ा मामला माना है। आयोग ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो हप्ते मे विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने हरिभूमि में प्रकाशित खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया है। लगभग 6 साल से बन रहा यह पुल अभी भी अधूरा है। खामभाठा और आसपास के गांवों के दर्जनों बच्चे स्कूल जाने के लिए इस पुल को पार करते हैं। मानसून के दौरान यह उथली नदी ▶▶|शेष पेज 5 पर

खबर का असर



5.66 करोड़ की लागत से बनाना था पुल

पुल निर्माण स्थल पर निर्माण संबंधी कोई सूचना पटल नहीं लगा है, जिससे यह पता चल सके कि इस पुल का निर्माण की लागत से और निर्माण काल का पता चले। ग्रामीणो के अनुसार 5 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य दो वर्ष पहले पूर्ण हो जाना था। पुल निर्माण के लिए ग्रामीण कई बार आवेदन निवेदन कर थक चुके हैं।

ऐसा है बच्चों का खतरनाक सफर

इस अधूरे पुल में 20 फीट सीढ़ी से चढ़ाई करने के बाद ऊपर लकड़ी के गत्तों और पतली सेंट्रिंग के सहारे खतरनाक पुल के उपर बच्चे और ग्रामीण चलकर पुल पार करते हैं। जहां बारिश में फिसलन से बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। और तो और दोनों तरफ खतरनाक तरीके से सरिया निकला हुआ है और गहरे गड्ढे हैं। मासूस बच्चों को हर कदम में मानों मौत से लड़ना पड़ता है।



खबर संक्षेप

लालू, तेजस्वी पर तय होंगे आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने को कथित आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव और चार अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन के आरोप तय करने का आदेश दिया। कोर्ट ने पिछले साल अक्टूबर में सीबीआई द्वारा दर्ज इसी कथित घोटाले के मामले में आरोप तय किए थे।

दिल्ली हादसे के बाद सीएम साय सख्त, अफसरों को दो टूक- सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश

स्कूल-हॉस्टल, कोचिंग जैसे भवनों की होगी सुरक्षा जांच, लापरवाही पर नपेंगे अफसर

विद्यार्थियों और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सभी जिलों में हॉस्टल, पीजी, कोचिंग सेंटर, स्कूल और बड़े शैक्षणिक भवनों का तत्काल निरीक्षण और सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा, प्रशासन किसी हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय संभावित खतरों की पहले पहचान कर उन्हें दूर करे। जोखिमपूर्ण भवनों की जांच और सुरक्षा मानकों के पालन में लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों सहित वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा, बच्चों और विद्यार्थियों से जुड़े संस्थानों में सुरक्षा मानकों के पालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव विकास शील, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, वन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के ▶▶|शेष पेज 5 पर

खास खबर

जर्जर भवनों की होगी वास्तविक स्थिति की जांच

मुख्यमंत्री ने स्कूलों, पुस्तकालयों, छात्रावासों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थित पुराने एवं जर्जर भवनों का वास्तविक स्थिति आकलन कराने को कहा। ऐसे भवन, जिनसे जनहानि की आशंका है, उनकी पहचान कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जहां सुरक्षा संबंधी कमियां मिलेंगी, वहां समय-सीमा तय कर सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कलेक्टरों और एसपी को अपने-अपने जिलों में निरीक्षण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा, केवल शिकायत या दुर्घटना के बाद कार्रवाई की व्यवस्था के बजाय सतत निगरानी ▶▶|शेष पेज 5 पर



शासन के निर्देशों की अनदेखी पर कार्रवाई

मुख्यमंत्री साय ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशों के पालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कलेक्टरों और एसपी से कहा, इस पर तत्काल अमल शुरू करें तथा जिलों में हुई कार्रवाई की नियमित समीक्षा करें।

अवैध और मिलावटी शराब पर अभियान

बैठक में मुख्यमंत्री ने अवैध और मिलावटी शराब के खिलाफ भी प्रदेशभर में सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस, आबकारी विभाग और जिला प्रशासन को आपसी समन्वय से कार्रवाई करने कहा। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री और परिवहन की आशंका वाले स्थानों पर संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पुलिस और आबकारी विभाग को सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान करते हुए कार्रवाई करने को कहा गया।

सीमावर्ती इलाकों में बढ़ेगी निगरानी

मुख्यमंत्री ने दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ में होने वाली अवैध शराब की आवक रोकने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख परिवहन मार्गों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। अवैध शराब के निर्माण या मिलावट में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

मासूम से दरिंदगी कर मौत के घाट उतारने वाले चाचा को फांसी की सजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मोहन नगर थाना के ओम नगर उरला में अप्रैल 2025 को राम नवमी के दिन साढ़े 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या करने वाले चाचा को दुर्ग कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई। मामले में सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई। कोर्ट ने आरोपी चाचा को दोषी मानते हुए यह निर्णय सुनाया। न्यायाधीश अनिष दुबे के कोर्ट से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 6 अप्रैल 2025 को रामनवमी की सुबह की है। ओम नगर उरला निवासी साढ़े छह साल की बच्ची अपने घर से नौ कन्या भोज के लिए तैयार होकर ▶▶|शेष पेज 5 पर

डीएनए मैच

सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस की जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि बायोलाजिकल एविडेंस के साथ डीएनए प्रोफाइलिंग कराई गई। आरोपी चाचा का डीएनए मैच हुआ। डीएनए रिपोर्ट के अलावा पुलिस को आरोपी के घर से खून के धब्बे मिले थे। आरोपी के कपड़ों में खून लगा मिला था। पुलिस ने उन्हें भी जब्त किया। इसके अलावा अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी चाचा को दोषी मानते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई।

परिजनों ने लगाया मारपीट और प्रताड़ना का आरोप पुलिस ने कहा- मिर्गी आने के बाद तबीयत बिगड़ी

पुलिस हिरासत में मौत, भीड़ ने घेरा थाना, सिपाही सस्पेंड, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चांपा

अवैध शराब बिक्री के मामले में पुलिस द्वारा पकड़े गए एक युवक की पुलिस हिरासत में तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजन और मोहल्लेवासी आक्रोशित हो गए और थाना पहुंचकर घेराव करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने युवक के साथ थाने में मारपीट और प्रताड़ना किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि युवक को मिर्गी का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हुई। ▶▶|शेष पेज 5 पर



आरक्षक निलंबित, मजिस्ट्रियल जांच शुरू

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने आरक्षक ईश्वरी राठौर को निलंबित कर दिया है। वहीं घटना की जांच आगे जारी है। मामले में मजिस्ट्रियल जांच भी शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान युवक की मौत के वास्तविक कारणों के साथ ही पुलिस हिरासत में उसके साथ किसी तरह की मारपीट या प्रताड़ना हुई थी या नहीं, इन तमाम बिंदुओं की जांच की जाएगी

तबीयत बिगड़ने पर तत्काल भेजा अस्पताल

तकरीबन 20 लीटर महुआ शराब के साथ शिव सहिस को पकड़ा गया था, उसे पुलिस अभिरक्षा में रखे थे, रात्रि 10 बजे के बाद उसकी तबीयत बिगड़ी। उसे मिर्गी के दौरे पड़ने लगे तो तत्काल चाम्पा अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर की सलाह पर देर रात जिला अस्पताल में एडमिट किया गया, उपचार के दौरान सुबह उसकी मौत हो गई। मामले की मजिस्ट्रियल जांच हो रही है। जांच में पूरे तथ्य सामने आ जायेंगे। फिलहाल एक आरक्षक को निलंबित किया गया है।
डॉ युलेंडन यार्क, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा



मां और बेटे के बीच संपत्ति को लेकर विवाद

कोर्ट ने कहा- अपनी मां के पैर छूकर मांगो माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मां और बेटे की बीच संपत्ति को लेकर विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट बड़ी बात कही है। शीर्ष अदालत ने बेटे को सनातन धर्म में मां के महत्व की याद दिलाई और उसे मां से माफी मांगने के लिए कहा। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, "तुम्हें जाकर अपनी मां के पैर छूकर माफी मांगनी चाहिए। अपने सभी पापों के लिए माफी मांगो। जस्टिस शर्मा ने बेटे के वकील से कहा, क्या बेटे का यह कृत्य गलत नहीं है? हम बेटे से कह रहे हैं कि वह अपनी मां के पास वापस जाए। उनके पैर ▶▶|शेष पेज 5 पर

क्या है आरोप

माता-पिता ने आरोप लगाया था कि बेटे और उसकी पत्नी ने जाली दस्तावेजों के आधार पर संपत्ति पर मालिकाना हक का दावा किया। इसके बाद माता-पिता ने एक अखबार में सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कर उनसे सभी संबंध तोड़ दिए, एफआईआर दर्ज कराई, नोटिस के जरिए लाइसेंस रद्द कर दिया और उन्हें फ्लैट खाली करने का निर्देश दिया। फिर उन्होंने संपत्ति पर कब्जा, स्थायी निषेधाज्ञा और हर्जाने की वसूली के लिए मुकदमा दायर किया।



माता-पिता की संपत्ति के एक मात्र मालिक

ट्रायल कोर्ट ने फैसला सुनाया कि माता-पिता ही संपत्ति के एकमात्र मालिक हैं और पुत्र एवं उसकी पत्नी केवल लाइसेंसधारी थे, जिनका लाइसेंस वैध रूप से समाप्त कर दिया गया था। अदालत ने उन्हें पहली मंजिल खाली करने का निर्देश दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 अप्रैल को निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती

उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए बेटे ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने बेटे की याचिका भी खारिज कर दी और कहा कि माता-पिता ने प्यार और स्नेह के कारण अपने बेटे को संपत्ति पर कब्जा करने यानी रहने की अनुमति दी थी, लेकिन उसने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके संपत्ति का मालिक बनने की कोशिश की। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आचरण को संरक्षण नहीं दिया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने बेटे को 60 दिनों के भीतर पहली मंजिल खाली करने और हर्जाना देने का निर्देश दिया।

चिंतन

पायलटों पर सख्ती सुरक्षा की जरूरत

हजारों फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे विमान में बैठे यात्रियों की जिंदगी पायलट के हाथ में होती है। ऐसे में पायलट का नशे में होना या नशीले पदार्थों के असर में उड़ान भरना केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि सैकड़ों जिंदगियों को खतरे में डालने वाली गंभीर चूक है। फुकेट-दिल्ली उड़ान की घटना ने विमानन सुरक्षा के इसी कमजोर पक्ष को सामने ला दिया है। अब सभी एयरलाइनों के पायलटों की ड्रग जांच कराने का फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है कि कॉकपिट तक पहुंचने वाला हर व्यक्ति पूरी तरह फिट और नशामुक्त हो। 4 अगस्त को फुकेट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की ए320 उड़ान अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गई। विमान में 137 यात्री और आठ चालक दल के सदस्य थे। घटना में 20 यात्री और चार चालक दल के सदस्य घायल हुए तथा 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। विमान हादसा जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अचानक और थोड़े समय के लिए तीनों हाइड्रोलिक प्रणालियों में खराबी सामने आई। इसी रिपोर्ट में विमान के कप्तान की मनो-सक्रिय पदार्थों की जांच का परिणाम 'नॉन-नेगेटिव' पाए जाने का भी उल्लेख है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जांच एजेंसी ने पायलट के ड्रग सेवन को विमान की ऊंचाई में आई गिरावट का कारण नहीं बताया है। फिर भी उसने मनो-सक्रिय पदार्थ के सेवन की पुष्टि को गंभीर चिंता माना और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की सिफारिश की। इस घटना के बाद डीजीसीए ने सभी भारतीय एयरलाइनों को अपने सभी पायलटों की एक बार ड्रग जांच कराने का निर्देश दिया है। देश में करीब 14 हजार पायलट हैं और अगले वर्ष जुलाई तक यह प्रक्रिया पूरी की जानी है। एयर इंडिया समूह पहले ही अपने करीब 5 हजार पायलटों की स्वैच्छिक एकमुश्त जांच शुरू कर चुका था। यह पहल जरूरी है, लेकिन असली परीक्षा इस बात की होगी कि जांच केवल घटना के बाद उठाया गया कदम न रह जाए, बल्कि विमानन सुरक्षा व्यवस्था का स्थायी हिस्सा बने। मौजूदा नियमों के तहत हर वर्ष 10 प्रतिशत पायलटों और एयर ट्रैफिक कंट्रोलरों की यादृच्छिक जांच अनिवार्य है। सुरक्षा से जुड़े अन्य कर्मचारी भी इसके दायरे में आते हैं। अब सभी पायलटों की साल में एक बार जांच कराने की दिशा में नियमों को और सख्त करने की तैयारी है। मौजूदा व्यवस्था में कर्मचारी के मूत्र के नमूने को दो अलग कंटेनरों में सुरक्षित रखा जाता है। पहले नमूने की तत्काल जांच होती है। यदि परिणाम 'नॉन-नेगेटिव' आता है तो पायलट को तुरंत उड़ान ड्यूटी से हटा दिया जाता है। दूसरे नमूने की अधिक सक्षम प्रयोगशाला में पुष्टि जांच होती है। यह जरूरी है, क्योंकि कुछ दवाओं या तकनीकी कारणों से शुरुआती जांच में गलत सकारात्मक परिणाम आ सकता है। इसलिए किसी व्यक्ति के करियर पर अंतिम फैसला पुष्टि जांच के बाद ही होना चाहिए। पुष्टि होने पर पहली बार कर्मचारी को विशेषज्ञ चिकित्सक, परामर्शदाता या नशामुक्ति केंद्र के पुनर्वास कार्यक्रम में भेजने का प्रावधान है। दोबारा उड़ान पर लौटने के लिए नकारात्मक जांच और फिटनेस प्रमाणपत्र जरूरी है।



सम्मेलन

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

ब्रिक्स के जरिए भारत होगा लाभान्वित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और निरंतरता' है। 'मानवता प्रथम' के दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आयोजित यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब वैश्विक व्यवस्था गहरे ध्रुवीकरण, आर्थिक अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से जूझ रही है। ऐसे में 11 पूर्णकालिक सदस्यों और 10 सहयोगी देशों के इस विशाल मंच के माध्यम से भारत न केवल विकासशील राष्ट्रों (ग्लोबल साउथ) की प्राथमिकताओं को दिशा दे रहा है, बल्कि खुद को एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है।

इन दिनों पूरी दुनिया की निगाहें 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की ओर लगी हुई हैं। यह वैश्विक संगठन अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ मनाते हुए अपने विस्तारित 'ब्रिक्स प्लस' के स्वरूप में एक मंच पर एकत्रित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और निरंतरता' है। 'मानवता प्रथम' के दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आयोजित यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब वैश्विक व्यवस्था गहरे ध्रुवीकरण, आर्थिक अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से जूझ रही है।

ऐसे में 11 पूर्णकालिक सदस्यों और 10 सहयोगी देशों के इस विशाल मंच के माध्यम से भारत न केवल विकासशील राष्ट्रों (ग्लोबल साउथ) की प्राथमिकताओं को दिशा दे रहा है, बल्कि खुद को एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। खास बात यह भी है कि ब्रिक्स सम्मेलन से भारत के आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर लाभान्वित होने की संभावनाएं स्पष्ट रूप से उभर कर दिखाई दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2006 में अपनी शुरुआत के बाद से ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) देशों का प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक शासन, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों-जैसे विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक मजबूत आवाज देना था। यह महत्वपूर्ण है कि विस्तार के बाद ब्रिक्स अब 11 पूर्णकालिक सदस्यों का एक अत्यधिक प्रभावशाली और शक्तिशाली आर्थिक ब्लॉक बन चुका है। इसमें पांच मूल देशों के साथ मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंडोनेशिया शामिल हो चुके हैं। इसके साथ ही 10 अन्य राष्ट्रों को सहयोगी देश का दर्जा दिया गया है। इस समय ब्रिक्स का जनसांख्यिकीय एवं आर्थिक प्रभाव अभूतपूर्व है। यह संगठन वैश्विक जनसंख्या के करीब 49.5 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आधार पर ब्रिक्स का वैश्विक जीडीपी में योगदान करीब 40 प्रतिशत हो चुका है। यदि हम 18वें शिखर सम्मेलन के प्रमुख एजेंडे को देखें तो पाते हैं कि इस शिखर सम्मेलन के लिए भारत ने जिन प्राथमिकताओं को रेखांकित किया है, वे न केवल ब्रिक्स सदस्यों बल्कि संपूर्ण विकासशील जगत के आर्थिक और सामाजिक हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व से उत्पन्न होने वाले मुद्रा जोखिमों और विनिमय दर के उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए स्थानीय मुद्राओं मसलन रुपया, रूबल, दिरहम में व्यापार को बढ़ावा देना प्रमुख एजेंडा है। भारत पहले ही यूएई के साथ स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत कर चुका है। इस व्यवस्था के विस्तार से सीमा पार भुगतानों में लगने वाली लागत घटेगी और छोटे व मध्यम उद्योगों के लिए व्यापार करना सुगम होगा। भारत का लक्ष्य ब्रिक्स देशों के बीच एक मजबूत, लचीली और पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना है। इसके साथ ही न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के वित्तीय दायरे को बढ़ाकर हरित ऊर्जा और बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में निवेश को आकर्षित करना है। भारत



अपने 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' (डीपीआई)-विशेष रूप से यूपीआई को ब्रिक्स देशों के बीच सीमा पार भुगतान और वित्तीय समावेशन के लिए एक साझा ढांचे के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इसके साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित, नैतिक और उत्तरदायी उपयोग के लिए नीतियां तैयार करना सम्मेलन की मुख्य प्राथमिकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन भारत के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है।

रूबिक्स डेटा साइंसेस की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025-26 में ब्रिक्स देशों के साथ भारत का कुल द्विपक्षीय व्यापार लगभग 416 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। भारत का कुल आयात 320 अरब डॉलर का है, यह आयात मुख्य रूप से ऊर्जा (कच्चा तेल, गैस) और विनिर्माण इनपुट (इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी) पर केंद्रित है। ब्रिक्स देशों को भारत का कुल निर्यात लगभग 96 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच चुका है। यद्यपि ब्रिक्स देशों के साथ भारत के व्यापार की मात्रा बढ़ी है, लेकिन भारत के लिए 224 अरब डॉलर का भारी-भरकम व्यापार घाटा एक प्रमुख नीतिगत चुनौती बना हुआ है। अकेले चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर के करीब है। रूस से भारी मात्रा में रियायती दर पर कच्चे तेल के आयात के कारण रूस के साथ घाटा 55 अरब डॉलर पहुंच चुका है। निश्चित रूप से ब्रिक्स देशों के साथ भारत के व्यापार घाटे की चुनौतियों के बीच इस सम्मेलन से भारत को बहुआयामी आर्थिक लाभ मिलने की संभावनाएं हैं। उद्योग मंडल एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार, 18वें ब्रिक्स सम्मेलन में होने वाले रणनीतिक आर्थिक समझौतों के बल पर ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात साल 2030 तक दोगुना होकर 200 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से भारत से निर्यात बढ़ने के साथ -साथ भारत में निवेश और पर्यटन की नई संभावनाएं आगे बढ़ेंगी। जहां इस संगठन के कई सदस्य देश अलग-अलग आर्थिक दबावों का सामना कर रहे हैं, वहीं भारत की स्थिति इस समूह में बेहद मजबूत है। भारत चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल से जून की तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। वैश्विक कंपनियाँ आपूर्ति श्रृंखला के जोखिमों को कम करने के लिए 'चीन+1' रणनीति अपना रही हैं। भारत 'मेक इन इंडिया' और 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव' (पीएलआई) योजनाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बनकर उभर रहा है। भारत की विशाल और युवा कार्यशील आबादी न केवल घरेलू उपभोग को गति दे रही है, बल्कि नवाचार, आईटी सेवाओं और स्टार्टअप इकोसिस्टम में भी ब्रिक्स देशों का नेतृत्व कर रही है।

भारत अब केवल कच्चे माल का निर्यातक नहीं रहा, अपितु फार्मास्यूटिकल्स, ऑटो कंपोनेंट्स, इंजीनियरिंग गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सेवाओं के क्षेत्र में भारतीय उत्पाद ब्रिक्स प्लस के नए बाजारों में अपनी गहरी पैठ बना रहे हैं। यह भारत के लिए महज एक औपचारिक कूटनीतिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि यह भारत के वैश्विक कद को पुनर्परिभाषित करने वाला शिखर सम्मेलन सिद्ध होगा। उम्मीद करें कि 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत ब्रिक्स को ऐसे आर्थिक सुधारवादी मंच के रूप में आगे बढ़ाने में कामयाब होगा, जिसका मूल ध्यान आर्थिक विकास, गरीबी उन्मूलन, नवाचार और सतत विकास पर केंद्रित हो। उम्मीद करें कि इस सम्मेलन से ब्रिक्स देशों के साथ भारत का व्यापार बढ़ेगा, व्यापार घाटा घटेगा और भारत 21वीं सदी की बहुध्रुवीय दुनिया में एक संतुलनकारी आर्थिक शक्ति के रूप में भी आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विशेष

डॉ. इन्दिरा मिश्र



श्री अरविन्द की महानता

श्री अरविन्द एक महान योगी, दार्शनिक व कुशाग्र बुद्धि सम्पन्न विलक्षण व्यक्तित्व थे। सन 1910 में अर्थात 38 वर्ष की उम्र से अपने पांडिचेरी के एकान्त स्थान में रहते हुए भी वे पूरे विश्व की घटनाओं पर दृष्टि रखते थे। वे जो वचन बोलते थे उनमें पूर्ण सत्य था, और अतिरंजना का पूर्ण बहिष्कार। उनकी वाणी में साक्षात सरस्वती विराजती थी। वे मनुष्य के अतिमानव बन सकने में विश्वास रखते थे। उन्होंने स्वंय इसकी साधना की थी। उनके प्रयासों एंव उनकी सह-तपस्विनी श्री मां के त्याग, प्रेम, समर्पण कल्पना शक्ति और अनवरत अध्यवसाय से वह साधना आगे बढ़ी। सन 1926 में कुल 24 सहयोगीयों से श्री अरविन्द आश्रम की स्थापना हुई। आज यह संख्या 2500 हो चुकी है। शिक्षा के प्रति उनका मानना था यह छात्र के सम्पूर्ण व्यक्तित्व ही नहीं,



बल्कि उसकी आत्मा के उत्थान का मापक है। इन सब कल्याणकारी मानवहितकारी प्रयासों से, बहुत से लोगों में उत्थान उच्च भावनाओं का विकास हुआ, बहुत सी आदर्श शिक्षण संस्थाए बनी, हिन्दू धर्म और गूढ़ पौराणिकता का मंथन हुआ, उसमें छुपे हुए मणि मुक्ताविचारों के रत्न-भंडार विकसित हुए। आश्रम के कई साधकों की मीमांसा चर्चाओं और विचारों के आदान-प्रदान से कई जिज्ञासाओं का सच्चा समाधान मिला। भारत की स्वतंत्रता का जो अरमान श्री अरविन्द के शुरू के दिनों में -जब भारतीय समाज गुलाम मनोवृत्ति से ग्रस्त और लगभग निष्प्राण हो चुका था- उसका नवांकुर उनके वचनों को सुनकर युवा-हृदयों में प्रकाशित हो उठा। श्री अरविन्द के लिखे प्रेरक वचन वन्देमातरम समाचार पत्र में छपते थे। युवा जगत उनका बेसब्री से इंतजार करता था। कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर, मोतीलाल राय एंव पाल गंगाधर तिलक, विपिन चन्द्र पाल, लाला लाजपत राय, चित्तरंजन दास जैसे तेजस्वी व्यक्तियों ने उनसे प्रेरणा पाई। स्वयं नेताजी ने कहा था कि उनके देखने में तत्कालीन बड़े नेताओं में श्री अरविन्द सबसे अधिक सशक्त तेजोमय तथा प्रभाव शाली नेता थे। उन्होंने मानो बूढ़े भारत में फिर से नई जवानी का संचार कर दिया था।

श्री अरविन्द की महानता के कई आयाम थे उदारता निस्वार्थता और धन के प्रति अनासक्ति, तीक्ष्ण, बौध्दिकता, गहरा देशप्रेम, मातृ-पितृ भक्ति, कवि गुण, सृजनशीलता, धैर्य, अध्यवसाय, साहस, विद्वत्ता, योग, मनस्विता, विनोद-प्रियता, आध्यात्मिकता, भाषाविद्ता, कला-प्रेम, नेतृत्वशक्ति, संकल्पशीलता आदि इन सभी गुणों का एक एक उदाहरण प्रस्तुत है।

उदारता: श्री अरविन्द जब बड़ौदा में थे, तब उन्हें बहुत अधिक वेतन मिलता था। वे सभी वेतन की राशि अपने टेबल पर रख देते थे। जिस राशि की जिसे पात्रता/आवश्यकता होती थी, वह व्यक्ति ले सकता था। उनका विश्वास था, कि प्रभु उनकी ओर से हिसाब रखते हैं।

निःस्वार्थता: श्री अरविन्द का मानना था, कि वे केवल अपने जरूरत की राशि का खर्च करें तथा शेष प्रभु के कामों के लिए दे देंगे।

देशप्रेम: उन्हें अपने देश के प्रति इतना प्रेम था, कि 14वर्ष इंग्लैंड में बिताने के बाद जब वापसली के लिए उन्होंनें बम्बई में पानी के जहाज से उतरकर अपने देश की धरती पर पांव रखा तब उनके हृदय में एक अपार शान्ति उतर आई फिर वह शान्ति चिरस्थाई हो गई।

मातृ-पितृ भक्ति: वे इंग्लैंड से लौटे तब उनकी माता कुछ रूग्ण थी और उनको एक तरह से भूल चुकी थी तब उन्होंने अपनी अंगुली पर एक घाव का निशान दिखाकर मां को कहा, मां देखो! मैं तुम्हारा अरु हूं। तुम्हें याद है न यह घाव। तब उनकी माता को स्मरण आया। अपने पिता पर उन्हें बहुत श्रद्धा थी। वे भारत में थे और यहां से उन्हें अखबारों की कतरने भेजते थे, जिनमें अंग्रेजों के अनाचार की घटनाएं छपती थीं। उनसे वे व्यथित होते थे। वे अंग्रेजों के प्रति क्रोध का अनुभव करते। परन्तु आगे चलकर चूंकि उनके पिता चाहते थे कि वे आई.सी.एस. बने, तो श्री अरविन्द ने वह परीक्षा भी दी और उनमें उच्च अंक पाये। परन्तु चूंकि वे ब्रिटिश हुकुमत की सेवा करना नहीं चाहते थे, (बल्कि ब्रिटिश सरकार को उखाड़ फेंकना चाहते थे) इसलिए वे आई.सी.एस. परीक्षा के बाद एक जरूरी टेस्ट- घुड़सवारी के टेस्ट के लिए नहीं पहुंचे। इसलिए वे आई.सी.एस. बनने से बच गये, जबकि पिता की इच्छा थी की वे आईसीएस बने।

कवि गुण : श्री अरविन्द की कविताओं के बारे में कुछ कहना गागर में सागर समाने जैसी बात होगी। इतना कहना पर्याप्त है कि उन्होंने कई वर्षों के अंतराल में 23,000 पंक्तियों का एक महाकाव्य 'सावित्री' अंग्रेजी में लिखा है, जिसमें भाषा और भावों की ऊंचाई की पराकाष्ठा है। उनकी अन्य कविताओं का अनुवाद हिन्दी में श्री सुमित्रानंदन पंत ने किया है जो बेजोड़ है और जिसमें अद्भुत भावोत्प्रेरणा है। उनकी कविता 'देवता का श्रम'. का अनुवाद रामधारी सिंह दिनकर ने किया है और वह भी हमारे मानसिक धरातल को बेहद ऊंचे पर ले जाता है।

सृजनशीलता : श्री अरविन्द का लेखन लगभग 1000 पृष्ठों से अधिक था। उन्होंने दिव्य जीवन **Life Divine**, **Synthesis Of Yoga** तथा अन्य बहुत से ग्रंथ लिखे हैं। वे पूरी रात लिखते रहते थे। उन्होंने अलीपुर जेल के अपने संस्मरण लिखे है जिसमें उन्होंने शामिल की है एक अद्भुत टिप्पणी - कि उस जेल में कई ऐसे बंदी भी थे जो कत्ल के जुर्म में जेल में थे परन्तु उनके चेहरों पर भी एक मक्खन जैसी भद्रता थी और वे इन्हें इतने प्रेम और श्रद्धा से देखते थे कि क्या कहा जाए। उन लोगों को देखकर सच्ची भारतीयता का ज्ञान होता था।


साहस : उन्होंने साहसपूवर्क देशप्रेम के लिए अंग्रेज समीक्षकों की अजन्ता की मूर्तियों को देखकर विपरीत टिप्पणी के विरुद्ध लेख के लिए और अंग्रेज समीक्षक को चेताया कि वे भारतीय सौंदर्यशास्त्र विषयक और पुरुष आकृति की मान्यताओं के बारे में अपना ज्ञान और बढ़ाए तब समीक्षा लिखें। भारत की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने साहसपूर्ण लेखन विभिन्न नामों से किया। इसी कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें तंग करना शुरू किया।

संकल्पशीलता : अपने जीवन को दिशा देने में, और अपनी राह स्वयं चुनने में वे तत्काल निणर्यशील रहे। आई.सी.एस. का पद त्यागने में, भारतीय युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरित करने के लिए बड़ौदा की ऊंचे वेतन वाली नौकरी त्यागने में, अलीपुर जेल में एक वर्ष काटने में और वहां से लौटकर पांडिचेरी के लिए प्रस्थान करने में, मृणालिनी देवी से हुए विवाह के बावजूद वैवाहिक जीवन से विमुख होने में तथा बाद में राजनीति से सन्यास लेने में कहीं भी निर्णय लेने और उस निर्णय पर डटे रहने में, उन्होंने हिचहिचाहट अनुभव नहीं की।

दर्शन

संकलित

जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

प्रेरणा

संकलित

आखिर कर्म ही महान



एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

अंतर्मन



आज की पाती

मिट्टी बचेगी, तभी खेती बचेगी

भारतीय कृषि अब एक नए युग की ओर अग्रसर है, जहां विकास का आकलन करने के लिए केवल वृद्धि ही एकमात्र मापदंड नहीं रह गया है। मिट्टी की घटती उर्वरता, भूजल की कमी, जैव विविधता का क्षय, जलवायु परिवर्तनशीलता और बढ़ती खेती लागत के कारण किसान और कृषि क्षेत्र पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। इस संदर्भ में पुनर्योजी कृषि एक आशाजनक मार्ग है। यह एक समग्र दृष्टिकोण है जो न केवल वर्तमान प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करेगा, बल्कि वास्तव में मिट्टी के स्वास्थ्य, जैव विविधता, जल प्रणालियों और पारिस्थितिकी तंत्र के कार्यों को बेहतर बनाकर कृषि उत्पादकता को बनाए रखेगा। मुख्य बात पुनर्योजी कृषि पर ध्यान केंद्रित करना और कृषि के पारिस्थितिक स्तंभों को पुनर्स्थापित करना है। अगर मिट्टी बचेगी, तो ही खेती बचेगी। - *कृष्णा साहू, रायपुर*

ट्रेंड

रणनीतिक साझेदारी



भारत और जर्मनी के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हमने व्यापार, निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, टैलेंट मोबिलिटी और अन्य क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के अपने संकल्प को दोहराया।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

बीजेपी की बेचैनी



जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, बीजेपी की बेचैनी बढ़ती जा रही है, और इसी वजह से पीडीए समाज के लोगों पर ज्यादतियां भी बढ़ रही हैं। हापुड़ जिले के बदनौली गाँव में दलित युवक दीपक की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

सीआईडी एडीजी



सीआईडी के एडीजी पर कोयला चोरी जैसे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। हैरानी की बात यह है कि यही एडीजी उस इंटरव्यू बोर्ड के सदस्य भी थे, जिसका संबंध जेपीएससी के उसी घोटाले से है जिसकी जांच अब सीआईडी ही कर रही है।

- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

ईस्ट ज़ोन को बधाई



ईशान किशन की कप्तानी में इतने सालों बाद दिलीप ट्रॉफी जीतने पर ईस्ट ज़ोन को बधाई... वे पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे... पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए बंगाल के खिलाड़ियों और टीम के बाकी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई।

-**सौरव गांगुली,** पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी

करंट अफेयर

किम की बेटी उनकी संभावित उत्तराधिकारी : द. कोरिया



दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन का कोई बेटा भी है। हालांकि, एजेंसी का मानना है कि किम की किशोर उम्र की बेटी के उनका उत्तराधिकारी बनने की प्रबल संभावना है। एनआईएस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अगर किम का कोई बेटा है भी तो वह उनका उत्तराधिकारी बनने की स्थिति में नहीं है। किम ने 2011 में अपने पिता किम जोंग इल के निधन के बाद उत्तर कोरिया की सरकार की बागडोर संभाली थी। बयान में एनआईएस ने अपने पहले के अनुमान को दोहराते हुए कहा कि किम के बाद उत्तर कोरिया की सरकार की कमान संभवत: उनकी बेटी के हाथों में होगी, जिसका नाम किम जू-ए बताया जाता है और जो लगभग 13 साल की है। एनआईएस ने कहा कि वह अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या किम की बेटी का कोई बड़ा भाई है, लेकिन मौजूदा हालात में अगर वह है भी, तो भी अपने पिता का उत्तराधिकारी नहीं बन सकता। एजेंसी ने कहा कि किम की एक और संतान भी है, लेकिन वह लड़का है या लड़की, फिलहाल इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

ऑफ बीट

बिना जरूरत न लें एंटीबायोटिक दवा



एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी थी। इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंत: शिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। कुछ अस्पतालों को इस बात पर विचार करना होगा कि क्या एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों के जोखिम के कारण कैंसर का इलाज करना या सर्जरी करना व्यवहार्य है। ऑस्ट्रेलिया विकसित दुनिया में एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे अधिक उपयोगकर्ताओं में से एक है। हमें इस बहुमूल्य संसाधन का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता है, अन्यथा हम भविष्य को खतरे में डाल देंगे जहां एक साधारण संक्रमण आपको मार सकता है क्योंकि कोई एंटीबायोटिक असर नहीं करेगी।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार 11 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 25, अंक : 52
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.3
न्यून. 26.6

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

आवासीय और कृषि जमीन पर नहीं बना सकते, गोदाम,अस्पताल, पोल्ट्री फार्म, उद्योग और मॉल

सात श्रेणियों में प्रतिबंधित गतिविधियों की नई सूची प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में आवासीय और कृषि भूमि पर गोदाम अस्पताल, पोल्ट्री फार्म नहीं बनाए जा सकेंगे, साथ ही खेती जमीन पर कोई खतरनाक उद्योग, आवासीय परियोजनाएं और मॉल भी नहीं बना पाएंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में संशोधन का मसौदा जारी किया है। प्रस्तावित संशोधन के तहत पहली बार विभिन्न भूमि उपयोग ⏭शेष पेज 5 पर

आवासीय जमीन पर नहीं कर सकते ये काम

आवासीय क्षेत्रों में हरित, नारंगी, लाल और नीली श्रेणी के उद्योग, गोदाम, बूचड़खाने, कबाड़खाने, संक्रामक रोग अस्पताल, जेल, बड़े परिवहन टर्मिनल, थोक व्यापार, तेल डिपो, पेट्रोलियम और ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण, गैस गोदाम, पशुपालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन, पोल्ट्री फार्म, श्मशान एवं कब्रिस्तान से जुड़ी गतिविधियां तथा खनन पर रोक का प्रस्ताव है।

छत्तीसगढ़ में भूमि उपयोग के नियम बदलने की तैयारी



परिवहन क्षेत्र में बस्तियां नहीं

परिवहन क्षेत्रों में आवासीय बस्तियां, खतरनाक रसायनों का भंडारण, असंगत वाणिज्यिक गतिविधियां, नारंगी, लाल और नीली श्रेणी के उद्योग, खनन, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी, पोल्ट्री तथा श्मशान एवं कब्रिस्तान संबंधी गतिविधियां निषिद्ध रहेंगी।

वाणिज्यिक क्षेत्र में खतरनाक उद्योग नहीं चलेंगे

वाणिज्यिक क्षेत्रों में नारंगी, लाल और नीली श्रेणी के उद्योग, खतरनाक एवं विषैले रसायनों तथा विस्फोटकों का भंडारण, पशुपालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन, पोल्ट्री पालन, श्मशान एवं कब्रिस्तान संबंधी गतिविधियां और खनन प्रतिबंधित रहेंगी।

आमोद-प्रमोद की जगह पर कारोबार नहीं चलेगा

मनोरंजन एवं आमोद-प्रमोद क्षेत्रों में आवासीय कॉलोनियां, सभी प्रकार के उद्योग, व्यावसायिक परिसर, गोदाम, प्रदूषण फैलाने वाली व्यावसायिक गतिविधियां, खनन, खतरनाक पदार्थों का भंडारण, असंबंधित व्यावसायिक उपयोग, थोक बाजार, तेल डिपो, पेट्रोलियम एवं ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण, गैस गोदाम, पशुपालन, पोल्ट्री, डेयरी तथा श्मशान एवं कब्रिस्तान संबंधी गतिविधियां प्रतिबंधित होंगी। कृषि भूमि पर ये करने पर रहेगी रोक कृषि भूमि पर किफायती आवास और एकीकृत टाउनशिप को छोड़कर अन्य आवासीय परियोजनाएं, व्यावसायिक परिसर, बड़े व्यावसायिक प्रोजेक्ट, खतरनाक व्यावसायिक उपयोग, श्वेत, हरित, नारंगी और लाल श्रेणी के उद्योग, उच्च घनत्व वाली आवासीय योजनाएं तथा बड़े मॉल प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव है।

15 दिन में दे सकेंगे सुझाव

आवास एवं पर्यावरण विभाग के अनुसार मसौदे पर 15 दिनों के भीतर प्राप्त होने वाली आपत्तियों और सुझावों पर राज्य सरकार विचार करेगी। सुझाव आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव को लिखित रूप से या ई-मेल के माध्यम से भेजे जा सकते हैं।

सज गया भारत, मोदी ने शेयर किया 26 सेकंड का खास वीडियो

ब्रिक्स समिट में मोदी-जिनपिंग और पुतिन की होगी मुलाकात

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 12 और 13 सितंबर को जुटेंगे कई देशों के प्रमुख

नई दिल्ली में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 12 और 13 सितंबर को होने जा रहा है। यह सम्मेलन इस बार वैश्विक कूटनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात भी होगी। इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ व्यापार, वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। खासतौर पर मोदी-जिनपिंग मुलाकात पर दुनिया की नजरें टिकी रहेंगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत में पहली बार एक मंच पर होंगे 'महारथी', दुनिया की नजरें टिकीं


भारत मंडपम में 12 और 13 सितंबर 2026 को होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और विदेशी मेहमानों का आगमन शुरू हो गया है। ब्रिक्स समिट भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा, क्योंकि भारत 2026 में इस समूह की अध्यक्षता कर रहा है।

- सात साल बाद भारत आ रहे हैं चीन के राष्ट्रपति

नई दिल्ली में यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया संकट (खासकर होर्मुज स्ट्रेट नाकेबंदी) और ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीतियों के बुरे असर का सामना कर रही है। इस अहम सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल हैं। थोड़ी देर पहले ही चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की ओर से कहा गया कि शी जिनपिंग ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। ब्रिक्स ⏭शेष पेज 5 पर

ब्रिक्स 2026 के लिए सब तैयार है...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारत मंडपम में सम्मेलन की तैयारियों को दिखाने वाला 26 सेकंड का वीडियो शेयर किया। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'ब्रिक्स 2026 के लिए सब तैयार है!' पीएम मोदी की इस पोस्ट में शिखर सम्मेलन से पहले भारत मंडपम की तैयारियों की झलक दिखाई गई है।




मुलाकात पर सबकी नजर

समिट से भारत को ब्रिक्स के प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने का मौका भी मिलेगा। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की यात्रा को लेकर लंबे समय से कयासबाजी जारी थी लेकिन इस पर अब विराम लग गया है। इससे पहले शी जिनपिंग 2019 में भारत आए थे। शी जिनपिंग की यात्रा खास तौर पर अहम है क्योंकि भारत और चीन कई सालों के तनाव के बाद अपने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं।

अर्द्धसैनिक बलों की 200 कंपनियां

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय कर करीब 15,000 पुलिसकर्मियों और अर्द्धसैनिक बलों की करीब 200 कंपनियों की तैनाती की है। वीवीआईपी आवाजाही को ध्यान में रखते हुए आम लोगों के लिए यातायात संबंधी परामर्श भी जारी किया गया है।



करीब 7 साल बाद भारत यात्रा पर शी

शी चिनफिंग की यह करीब 7 साल बाद पहली भारत यात्रा होगी। उनकी यह यात्रा दोनों एशियाई देशों के बीच संबंधों को स्थिर करने के जारी प्रयासों और वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बीच महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटनाक्रम मानी जा रही है। खास तौर पर पश्चिम एशिया संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच ब्रिक्स सहयोग के लिहाज से इस यात्रा को अहम माना जा रहा है। भारत मौजूदा अध्यक्ष के रूप में 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

समिट में नहीं होंगे रहमान

बांग्लादेश ने गुरुवार को प्रधानमंत्री तारिक रहमान के इस सप्ताह भारत दौरे की संभावना को खारिज कर दिया। बांग्लादेश ने कहा कि रहमान को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री के तौर पर आमंत्रित नहीं किया गया है, बल्कि निमंत्रण सात देशों वाले बिम्सटेक के अध्यक्ष के रूप में दिया गया है।



'हनुमान अंश' सियासी गलियारे में भी हिट, छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री

राज्यपाल, सीएम और विस अध्यक्ष समेत कई नेताओं ने देखी फिल्म

दुनियाभर में मिल रहा अच्छा रिस्पांस फिल्म की कमाई 150 करोड़ से अधिक हो चुकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बाबा नीम करौली 'हनुमान अंश' की गूंज पूरे देश में है। रायपुर में भी इस फिल्म के प्रति लोगों का आकर्षण बना हुआ है। इससे सियासी गलियारा भी अछूता नहीं है। गुरुवार को इस फिल्म को देखने राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह समेत कई पदाधिकारी-नेता जोरा मॉल पहुंचे। उन्होंने फिल्म का आनंद उठाया। फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री कर दिया गया है। फिल्म देखने सीएम के साथ केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, मंत्री रामविचार नेताम और दयालदास ⏭शेष पेज 5 पर



संत परंपरा से परिचित कराने वाली फिल्मः साय

फिल्म देखने के बाद मुख्यमंत्री साय ने 'हनुमान अंश' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और संत परंपरा से समाज को परिचित कराने वाली ऐसी प्रेरणादायी फिल्में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचनी चाहिए। टैक्स फ्री होने से प्रदेश के अधिकाधिक दर्शकों को जीवन मूल्यों को जानने का अवसर मिलेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky | airtel
चैनल नं. 1155 | चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

बैंक कर्मचारियों की आज हड़ताल

नई दिल्ली। बैंक कर्मचारी संगठनों ने पांच दिन का कार्यदिवस लागू करने समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नकदी निकासी और जमा समेत अन्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।



मालवाहक पोत में आग, 20 की मौत

बीजिंग। चीन के एक बंदरगाह पर खड़े मालवाहक पोत में आग लगने के बाद कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लापता हैं। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की ओर से जारी एक तस्वीर के अनुसार, आग लगने की यह घटना 'ओशन मेलोडी' नामक पोत में हुई। जहाज-निगरानी वेबसाइट 'वेसलफाइंडर' के मुताबिक, यह जहाज लाइबेरियाई पोत के रूप में पंजीकृत है। पोत पर कुल 42 लोग सवार थे।



छह ठेकेदार ब्लैकलिस्ट दो का रजिस्ट्रेशन रद्द

बस्तर की सड़कों और पुल-पुलिया के काम में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सड़कों और पुल-पुलिया के निर्माण में अत्यधिक देरी तथा काम पूरा करने में रुचि नहीं लेने वाले ठेकेदारों के खिलाफ लोक निर्माण विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने बस्तर संभाग में निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों के काम में लापरवाही बरतने वाले छह ठेकेदारों के पंजीयन का नवीनीकरण रोकते हुए उन्हें ब्लैकलिस्ट किया है। इनमें दो ठेकेदारों के पंजीयन निरस्त भी कर दिए गए हैं।

एक्शन

विभाग के मुताबिक, इन ठेकेदारों को अनुबंध के अनुसार, काम पूरा करने के लिए बार-बार ⏭शेष पेज 5 पर

किस ठेकेदार पर कितने साल की रोक

- के. मोहन रेड्डी भेज्जी-चिंतागुफा और चिंतलनार-मरियागुड़म सड़क, सुकमा पंजीयन निरस्त- 5 साल तक नवीनीकरण नहीं
- मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा. चिंतलनार-मरियागुड़म मार्ग, सुकमा पंजीयन निरस्त- 5 साल तक नवीनीकरण नहीं
- मेसर्स राघवा कंस्ट्रक्शन चिंतलनार-मरियागुड़म और कोंटा-गोलापल्ली मार्ग, सुकमा- 5 साल तक नवीनीकरण नहीं
- मेसर्स शांति विजय कन्स्ट्रक्शन नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग-5 साल तक नवीनीकरण नहीं
- मेसर्स बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर कोंटा-गोलापल्ली मार्ग, सुकमा - 2 साल तक नवीनीकरण नहीं
- मेसर्स पंकज हालदार नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग के पुल-पुलिया - 5 साल तक नवीनीकरण नहीं

बस्तर में इन सड़कों के ठेकेदारों पर कार्रवाई

कार्रवाई का सबसे ज्यादा असर सुकमा और नारायणपुर में चल रहे सड़क और पुल निर्माण कार्यों से जुड़े ठेकेदारों पर पड़ा है। भेज्जी-चिंतागुफा, चिंतलनार-मरियागुड़म, कोंटा-गोलापल्ली और नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा जैसे महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण में देरी को लेकर विभाग ने जिम्मेदार ठेकेदारों पर शिकंजा कसा है।

खाद चोर की पीठ पर बांधी बोरी, निकाला जुलूस...





मैनपुर। गरियाबंद जिले के विकासखंड मैनपुर के राजापड़ाव-गौरगांव इलाके के अंतिम छोर और ओडिशा सीमा से लगे आश्रित गांव झोलाराव में ग्रामीणों ने खाद चोरी के दो आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ने के बाद पुलिस को सौंपने के बजाय उन्हें अपने स्तर पर एक अनोखी सजा दे डाली। दोनों आरोपियों के कंधों पर चोरी की गई यूरिया खाद की बोरियां रस्सी से बांध दी गईं और गाजे-बाजे के साथ पूरे गांव में उनका जुलूस निकाला। ग्रामीणों का कहना था कि यह नजीर बने और भविष्य में चोरी की वारदात कोई न करे।

शराब की खाली बोतलें व होलोग्राम बरामदगी मामला

दो आबकारी अधिकारियों पर निलंबन की गाज


छग में भी शराब का खेल, 4409 खाली बोतलें, स्टीकर और 3380 ढक्कन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

हरिभूमि फॉलोअप

कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर के बसंत नगर, नारायणपुर स्थित एक किराए के मकान में जिला पुलिस बल द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में बड़ी मात्रा में शराब की खाली बोतलें होलोग्राम और लेबल ⏭शेष पेज 5 पर

जिला मुख्यालय में अटैच

निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय कांकेर नियत किया गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा है कि जिले में इस प्रकार के कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। ऐसा पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी, राजस्व में भी इजाफा, बड़ी संख्या में रोजगार भी मिलेगा

बिलासपुर-कटनी रेल कॉरिडोर होगा और मजबूत, बढ़ेगी कनेक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से कटनी के बीच लगातार बढ़ते यात्री और माल यातायात के दबाव को कम करने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इस महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोर पर उसलापुर-पेंड्रारोड तीसरी लाइन और पेंड्रारोड-कटनी मुड़वारा चौथी लाइन को मंजूरी दी है। दोनों परियोजनाएं पूरी होने के बाद इस रेल मार्ग की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और ट्रेनों की कनेक्टिविटी करीब 30 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। नई परियोजना से छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश होते हुए उत्तर भारत की ओर जाने वाली यात्री ट्रेनों के संचालन को अतिरिक्त क्षमता मिलेगी। दोनों ⏭शेष पेज 5 पर

बिलासपुर से कटनी के बीच 140 से ज्यादा ट्रेनें

बिलासपुर से कटनी के बीच प्रतिदिन 100 से अधिक मालगाड़ियां और 40 से अधिक यात्री ट्रेनें आवाजाही करती हैं। बिलासपुर के अलावा गोंदिया, दुर्ग और रायपुर से उसलापुर होकर कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनों का भी इस मार्ग पर दबाव रहता है। वर्तमान में कटनी मुड़वारा से अनूपपुर-पेंड्रारोड के बीच तीसरी लाइन का काम पूरा हो चुका है, लेकिन पेंड्रारोड से बिलासपुर तक तीसरी लाइन का काम शुरू होना बाकी है। ऐसे में नई स्वीकृत परियोजनाएं पूरे कॉरिडोर की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होंगी।




एक महत्वपूर्ण कदम

छत्तीसगढ़ में रेल आधारभूत संरचना के विस्तार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। नई रेल लाइन से यात्रियों को बेहतर एवं सुगम रेल सुविधा के साथ माल परिवहन क्षमता बढ़ेगी और उद्योग व व्यापार को गति मिलेगी। इसके अलावा रोजगार के नए अवसर सृजित होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

-शेख समी उर रहमान, सीपीआरओ, एसईसीआर

कटनी-पेंड्रारोड चौथी लाइन पर 2975 करोड़

201 किलोमीटर लंबी कटनी-पेंड्रारोड चौथी लाइन परियोजना पर 2975 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके पूरा होने पर प्रतिवर्ष करीब 322 करोड़ रुपए की लॉजिस्टिक लागत बचत और 14.42 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन में कमी का अनुमान है। परियोजना से करीब 68 लाख मानव-दिवस रोजगार सृजित होने की संभावना है। इससे अमरकंटक और बांधवगढ़ जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क को भी बढ़ावा मिलेगा।



हसीनाएं मोम की गुड़िया जलती नहीं, पिघलती हैं

नई दिल्ली। 'काश! दुनिया का हर मर्द ये जान सकता कि हम हसीनाएं लाइट का बल्ब नहीं, हम मोम की गुड़िया हैं... हम जलते नहीं, पिघलते हैं।' रूहानी इश्क, जिस्मानी चाह और मन के अंदरखाने मची कामुकता को दो बार कंठस्थ करवाने के बाद, लस्ट स्टोरीज के तीसरे पार्ट यानी लस्ट स्टोरीज 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दो मिनट और 19 सेकेंड के ट्रेलर की शुरुआत अदिति राव हैदरी की आवाज में इसी एक डायलॉग से होती है और इसके बाद पर्दे पर राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, राधिका मदान और सना थम्पी, औरतों की चाह का वो ताना-बाना पेश करती हैं, जिसके आगे मर्द किरदार बेबस नजर आते हैं।

लाइफ Style

अनीत

बापजी के शोषण के खिलाफ उठाई आवाज

एजेंसी ⏭ मुंबई

वेब सीरीज 'हुंकार-द रोर' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। इसमें अनीत पड्डा मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फातिमा सना शेख पुलिस की वर्दी में नजर आई हैं। फिल्म 'सैयारा' से दर्शकों का दिल जीतने वाली अनीत पड्डा अब अपनी आगामी वेब सीरीज 'हुंकार-द रोर' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।

क्राइम थ्रिलर सीरीज में अनीत पड्डा शोषण के खिलाफ आवाज उठाती हैं। वहीं, फातिमा सना शेख इस मामले की जांच करती हैं। ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन लिखा है, 'जब एक लड़की की आवाज टकराएगी समाज की भक्ति से तो जीत किसकी होगी'? 'हुंकार' वेब सीरीज 25 सिंतबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में मोहम्मद जीशान अय्यूब, अर्जुन माथुर, रघुबीर यादव और राम कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। क्राइम थ्रिलर सीरीज 'हुंकार' जियो हॉटस्टार पर आएगी। अनीत साहसी और निर्भीक मीनू की भूमिका में हैं। 17 साल की मीनू अपने खिलाफ होने वाले शोषण का विरोध करती है। मीनू बापजी पर शोषण का आरोप लगाती है, जो बेहद प्रभावशाली शख्सियत है। मामला पुलिस तक पहुंचता है। फातिमा सना शेख पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं। केस की पड़ताल करते हुए कई चुनौतियां मीनू (अनीत) के सामने आती हैं। अपने भी संदेह करने लगते हैं। मीनू के आरोपों की जांच की कड़ी में कई सनसनीखेज खुलासे होते हैं। मुश्किल वक्त में अपने साथ छोड़ते हैं। मगर, मीनू ऐसे विपरीत हालात में भी साहस का परिचय देती और निर्भीक होकर सच बताती है।




हॉलीवुड मसाला

टॉम की अगली फिल्म का ट्रेलर रिलीज



लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म 'डिगर' का फाइनल ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में टॉम क्रूज बेहद अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। यह किरदार उनकी बाकी फिल्मों से काफी अलग होगा। फिल्म 'डिगर' हॉलीवुड की बहुप्रतिक्षित फिल्मों में से एक है। इसकी शूटिंग काफी वक्त से चल रही थी। मगर अब जाकर मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में टॉम क्रूज को एक तेल व्यापारी डिगर रॉकवेल के किरदार में दिखाया गया है। डिगर काफी अमीर और घमंडी किस्म का इंसान है।

फिल्म शूट करने के लिए बहुत सही है कश्मीर...



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्पेन की मशहूर फिल्म प्रड्यूसर एना सौरा रेमन पहुंचीं। उन्होंने कश्मीर की खूबसूरती और यहां फिल्म शूटिंग की संभावनाओं की जमकर तारीफ की। कश्मीर की खूबसूरती और इसे इंटरनेशनल फिल्ममेकर्स के लिए शूटिंग लोकेशन के तौर पर प्रमोट करने की संभावना पर एना ने कहा कि फिल्म फेस्टिवल का एक अहम मकसद अलग-अलग जगहों को फिल्म इंडस्ट्री के लोगों के सामने लाना भी होना चाहिए। यहां के लैंडस्केप बहुत खूबसूरत हैं। पहाड़, झील और यहां की रोशनी सब कुछ फिल्म शूट करने के लिए बहुत सही है। इसलिए मुझे लगता है कि यह शूटिंग के लिए एक शानदार जगह हो सकती है।

डायन बहू बनकर ससुराल पहुंची यामी



मुंबई। बीते महीने यामी गौतम की नई फिल्म 'नई नवेली' का ऐलान किया गया था। गुरुवार को 'नई नवेली' का टीजर जारी किया गया है। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है और टीजर की छोटी सी झलक काफी दिलचस्प है। फिल्म के टीजर की शुरुआत एक मध्यम वर्गीय भरे-पूरे संयुक्त परिवार के साथ होती है। सभी बैठे हैं, तभी अचानक से एक शख्स आवाज लगाता है, 'जूते चप्पल, नुकीली वस्तुएं सब उतारकर रख दीजिए'। यह आवाज लगाने वाला शख्स दरअसल, घर में आई नई बहू मोहिनी (यामी गौतम) का देवर बंटू है। बंटू से इस तरह बात किए जाने पर परिवार के सदस्य हैरानी से पूछते है, 'बात क्या है'? जवाब मिलता है, 'बात भाभी के बारे में है'। सब परेशान होते हैं कि मोहिनी को क्या हुआ? अगले दृश्य में बंटू एक खुलासा करता है और कहता है, 'भाभी डायन है'। परिवार के सभी सदस्य डांटते हैं और बंटू को एक चांटा भी रसीद किया जाता है।

सात पार्ट में बनेगी श्रीमद् भागवत

मुंबई। भारतीय पौराणिक कथाओं और आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ी श्रीमद्भागवत अब बड़े पर्दे पर एक बेहद अलग अंदाज में नजर आने वाली है। सागर पिक्चर्स एंटरटेनमेंट ने इस पवित्र ग्रंथ पर आधारित एक विशाल लाइव-एक्शन फिल्म फ्रेंचाइजी का ऐलान किया है। खास बात यह है कि मेकर्स पूरी कथा को एक बॉलीवुड फिल्म में समेटने के बजाय इसे सात अलग-अलग फिल्मों के जरिए दर्शकों तक पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं। इस सात भागों वाली सीरीज की शुरुआत 'श्रीमद्भागवत पार्ट 1: विष्णुरत'से होगी। मेकर्स ने फिल्म का पहला टीजर पोस्टर भी जारी कर दिया है।

जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा (प्रारंभिक) जिला बस्तर, जगदलपुर
समग्र शिक्षा Samagra Shiksha
EMail- mis.baster@gmail.com, Ph: 07782-221865

क्रमांक/590/SS/EE / नीति आ. / निविदा / 2026-27 जगदलपुर, दिनांक 09/09/2026

कार्यालय जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा (प्रारंभिक), जगदलपुर जिला बस्तर की ओर पंजीकृत फर्म / संस्था द्वारा आवासीय विद्यालयों में अबेकस (गणित) विषय के संचालन करने हेतु मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तों की जानकारी जिले के वेबसाइट bastar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा जारी करने की तिथि	-	10/09/2026
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	30/09/2026 समय संध्या 05:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	-	01/10/2026 समय संध्या 04:00 बजे

जिला मिशन समन्वयक
समग्र शिक्षा, जिला बस्तर
S-49015/1

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जिला बस्तर, छत्तीसगढ़
(नवटीसेमरा, आड़ावाल जगदलपुर, जिला बस्तर)
फोन नं.- 07782299082, ई मेल- dpicjdp@gmail.com
वेबसाईट- http://www.Bastar.gov.in

क्रमांक /625/ लाईवलीहुड कॉलेज/ ESTB/ 3017/ 2026
जगदलपुर, दिनांक 09/09/2026

// संक्षिप्त विज्ञापन //

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जगदलपुर अंतर्गत अंशकालीन पूर्णतः अस्थायी अतिथि प्रशिक्षकों हेतु दिनांक 18.09.2026 समय प्रातः 10.00 बजे "**Walk in interview**" आयोजित की गई है। इच्छुक आवेदक अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार हेतु लाईवलीहुड कॉलेज, जगदलपुर में उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी कार्यालय की सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट www.bastar.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह निदेशक
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)
S-49008/2

टीवी मसाला



दृष्टिहीन कंटेस्टेंट की कहानी सुन भर आई बिग बी की आंखें

नई दिल्ली। सोनी चैनल पर प्रसारित हो रहे अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। हर दिन एक नया बेंचमार्क यह शो तय करता जा रहा है। हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट बिग बी के सामने आकर अपने दिल की बाच को इस तरह से बताते है जैसे वह उनके घर के मेंबर हो उन मुश्किल सफर को सुन कर अमिताब बच्चन भी इमोशन हो जाते है। ऐसी ही एक सफर शो में कमलजीत सिंह नाम के एक दृष्टिहीन कंटेस्टेंट ने बिग बी के साथ मिलकर शेयर किया जिसे सुन कर वह इमोशनल हो गए। कमलजीत ने शो में अपने मुश्किल दौर पर बात की। उन्होंने बताया कि जिंदगी के सबसे मुश्किल मोड़ पर उनकी पत्नी ने उनका साथ दिया। कमलजीत सिंह देख नहीं पाते हैं। उनका एक्सीडेंट हो गया था। ये दौर उनके लिए काफी मुश्किल था। वो खुद से खाना भी नहीं खा पाते थे। कमलजीत ने अपनी इमोशनल जर्नी बताते हुए कहा कि उस वक्त उन्हें डर लग रहा था कि इस हादसे की वजह से कही उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर ना चली जाएंगी, क्योंकि एक दृष्टिहीन इंसान के साथ कोई नहीं रहना चाहता है। लेकिन, उनकी पत्नी ने उनके डर को गलत साबित कर ऐसा कर दिखाया, जिसने उन्हें जिंदगी भर न देखने का मलाल कम होने लगा। वहीं, जनता जनार्दन की पंक्ति में बेटी उनकी पत्नी ये सब सुन रही थी, जिसे सुनकर उनकी आंखे छलक आई। कमलजीत जब अपने इस दर्दनाक सफर को बिग भी से शेयर कर रहे थे तो उनका गला इतना भर आया कि वह आगे बता नहीं पा रहे थे, तब उनकी बीवी ने आगे बताया कि उनके डर को मैं समझ गई थी, इसलिए उनसे बिना कुछ कहे बस उनका साथ देने लगी।

बिग बॉस 20 को मिला पहला कैप्टन



नई दिल्ली। बिग बॉस सीजन 20 को शुरू हुए अभी चार दिन ही हुए हैं कि घर में मौजूद लोगों ने अपनी प्रायोरिटी खुलकर सामने रख दी है। बीते दिन ग्रुल्लू, यंग और आसिफ के बीच कैप्टेनसी टास्क खेला गया। जहां घर में मौजूद बाकी के कंटेस्टेंट ने अपने फेवरेट को सपोर्ट किया। टास्क के बाद अब फाइनली बिग बॉस सीजन 20 को उनका पहला कैप्टन मिल चुका है। बिग बॉस सीजन 20 के पहले हफ्ते में जिस कंटेस्टेंट के हाथ कैप्टेनसी की बागडोर आई वह सिंगर यंग डीएसए हैं, जिनको पॉपकॉर्न टास्क में काजी से लेकर स्कॉउट और अरशिफा सहित कई कंटेस्टेंट का सपोर्ट मिला था। यंग ने शुरूआत से ही काफी अच्छे रिश्ते बनाए हैं, लेकिन वह इस सीजन के सबसे अड़ियल कंटेस्टेंट भी हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

शिक्षाकर्मी

आवश्यकता है- लेडी इंचार्ज, स्पोर्ट्स टीचर, हिंदी टाइपिंग टीचर एवं अंग्रेजी-हिंदी माध्यमः एस.एसटी, इंग्लिश, मैथ्स, इकोनॉमिक्स, बीएसटी हेतु शिक्षक/शिक्षिकाओं, म्यूजिक टीचर एवं माली की आवश्यकता। साक्षात्कार 12.09.2026, प्रातः 9:30 बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 0771-2252855.** (आरे-005)

Required- Required teachers for Physics, Chemistry, Biology, Commerce, History, Sociology, Political-Science and Economics. Candidate must be PG with B.Ed, English Medium. Principal, Glorious School, Krishna Nagar Near Santoshi Nagar, Raipur **8226078877, 7987357145.** (आरे-841)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – **केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676.** (आरे-309)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता

Requirement- TARANG EDUCATION.10 post-15,000 to 30,000 per month Qualification-12th and Graduation phone number-**9767652798.** (आरे-849)

चौकीदार/मिस्त्री

आवश्यकता है- रायपुर में बंजरपारा स्थित दाल मिल में चौकीदार की आवश्यकता आवास बिजली पानी सुविधा उपलब्ध मिल में 24 घंटे रहना होगा। दाल मिल चलाने के लिए दाल मिल मिस्त्री वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क कन्हैयालाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डु रायपुर 9407943129.** (आरे-850)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस स्टाफ के लिए 12वीं पास लड़को की जिसे कम्प्युटर की जानकारी हो बेसिक सैलरी 10,000/- **संपर्क करें- बालाजी मार्केटिंग गोंदवारा रायपुर नियर लवकुश फर्नीचर मों. - 7987399644, 9617104455.** (आरे-848)

पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- चायपत्ती के फैक्ट्री में पैकिंग कार्य लेडीज व लड़कों की आवश्यकता है। **संपर्क करें जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अमलीडीह 0771-4075490, 79879 27854, 9753674707.** (आरे-844)

हरिभूमि क्लासीफाईड

दुकान कार्य

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान (1) सामान वितरण /डिलीवरी - 4 लड़कों / लड़कियों (2) दुकान-कार्य - 3 लड़कों / लड़कियों की आवश्यकता है। **संपर्क - 9826192427, 9827166180 करमचंद मेडिकोज़ 17 - A , पुराना मेडिकल कॉम्पलेक्स , मेकाहारा के पास , रायपुर** (आरे-202)

सिविल इंजीनियर

आवश्यकता है- Diploma /BTech civil (10 पद) अनुभवी एवं फ्रेशर दोनों उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं ADANI CEMENT ACC राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई **संपर्क - 98261-38080 बायोडाटा भेजें 78989-22204 (W) , 18/9/2026 इंटरव्यू, शाम-4:00 बजे** (आरे - 332)

नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- बच्चों के अस्पताल में नर्सिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित स्टॉफ की आवश्यकता है। वेतन 20000/- रु तक अथवा योग्यतानुसार **संपर्क चहक बच्चों का अस्पताल, भारत माता स्कूल के पास, टाटीबंध, रायपुर फ़ोन 0771-2572033, 9399777426.** (आरे-19)

फैक्ट्री कार्य

आवश्यकता है- ऑयल फैक्ट्री में स्टाफ की आवश्यकता फुल टाइम - 10:30 से 8:00 बजे तक लोकेशनः **रायपुरा, चांगोरा के पास संपर्कः 9977067874.** (आरे-398)

अकाउंटेंट

आवश्यकता है- अकाउंटेंट चाहिए (3पद)जिसे जीएसटी एवं टेलिप्राइम का अनुभव हो राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई **संपर्क करें - 98261-38080 बायोडाटा भेजें (W), 78989-22204 , इंटरव्यू -21/9/26 शाम-4:00 बजे** (आरे - 333)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- इंडिया हेल्थ एंटरप्राइजेस में ऑफिस कार्य एवं स्वास्थ्य सर्वे हेतु युवक-युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता। योग्यताः 10वीं, 12वीं एवं ग्रेजुएट। वेतन 12,000 से 18,000 तक। स्थानः डोंगरगढ़, राजिम सभी छत्तीसगढ़ जिलों में। **संपर्कः 6265491588, 8462898943.** (आरे-A)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- बालोद जिला हेतु (10 पद) सेल्स एवं मार्केटिंग के लिए diploma civil, BTech civil, MBA sales/marketing फ्रेशर एवं अनुभवी दोनों उम्मीदवार आवेदन करें ADANI CEMENT ACC / राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई **संपर्क -98261-38080 बायोडाटा भेजें -78989-22204 (W), इंटरव्यू 18/9/2026 शाम-4:00 बजे** (आरे - 334)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

शिक्षाकर्मी

आवश्यकता है- राधिका नगर शिक्षण समिति द्वारा संचालित गाँधी विद्यापीठ (अग्रेंजी माध्यम) राधिका नगर, सुपेला भिलाई में निम्नलिखित शिक्षकों की आवश्यकता हैः-(1) PRT (2) PGT (3) TGT सभी विषयों के लिए **संपर्क करें मो.-83199-82502, 94079-85484.** (आरे-4172)

ऑफिस कार्य

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क, 9630922589, 9893029618.** (आरे-501)

टेलीकॉलर

आवश्यकता है- टेली कॉलिंग के लिए युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवहीन/अनुभव को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार पावर हाऊस भिलाई **संपर्क करें मो.-86249-87631, 92442-54776.** (आरे - 331)

वेल्डर/कटिंग ऑपरेटर

आवश्यकता है- फैब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। **स्थानः बा रा डे रा - ध न सु ली , मंदिरहसौद, रायपुर। मो. 7024347173.** (आरे-om)

हरिभूमि क्लासीफाईड

दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु 10- 12 लड़के/लड़कियों लड़कियों की आवश्यकता है. वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें- लाइट एन लाइट, जवाहर नगर चौक, एमजी रोड, रायपुर** (आरे-16581)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai **9826196515, 9826896515.** (आरे-4171)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - प्रगति फाइनेंस द्वारा कृषि, बिजनेस, पर्सनल, लघु उद्योग, आधारकार्ड, समूह लोन , होम लोन पर कम समय आसान क़िस्त (2%ब्याज), (40%छूट) 50 हजार से 40 लाख समस्त लोन कराये - **7606809537, 7587708423.** (आरे-4349)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ



आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध मे किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी शुल्क उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर ले। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Property प्रापर्टी

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेस्टर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित **सम्पर्क करें- 7898855268.** (RO-41750)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152
हरिभूमि क्लासीफाईड

MARUTI SUZUKI

NEXA

MAKE YOUR MOVE BEFORE THE PRICE DOES.

Drive home your favourite NEXA car before price hike.



EFFECTIVE PRICE | ₹9.32 LAKH*

EFFECTIVE PRICE | ₹11.13 LAKH#

NEXA SAFETY SHIELD

GRAND VITARA

XL6

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE**

SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

Applicable T&C available at your nearest dealership. *Effective Price ₹ 9.32 Lakh for Grand Vitara Sigma variant computed basis deduction of Consumer Offer (-) of ₹ 50 000, Maximum Exchange Bonus (-) of ₹ 30 000, PCM Bonus (-) of ₹ 25 000, Loyalty Upgrade Bonus (-) of ₹ 20 000, ISL Offer (-) of ₹ 20 000 from Ex. Showroom Price of Grand Vitara Sigma at ₹ 10.77 Lakh. *Effective Price of ₹ 11.13 Lakh for XL6 Zeta variant computed basis deduction of Consumer Offer (-) of ₹ 20 000, Exchange Bonus (-) of ₹ 20 000, PCM Bonus(-) of ₹ 10 000 from Ex. Showroom Price of XL6 Zeta at ₹ 11.63 Lakh. Exchange bonus applicable on Grand Vitara Sigma variant for vehicles aged 0–6 years; benefit may vary basis vehicle age, condition, and offer terms. The actual effective price may vary based on a customer's eligibility, and applicable offers and pricing available at the time of purchase. Vehicle image displayed is of Grand Vitara Alpha+ and XL6 Alpha+, variant specific features may vary. Offers are valid only on Grand Vitara Sigma variant & XL6 Zeta variant. Offer valid until stocks last. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue any offers without notice. Prices and savings mentioned are for select variants and may vary across cities/variants. Creative visualisation. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper. Features and accessories shown may not form part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. **Finance options available by selected finance partners. Finance is at the sole discretion of the financier.



अच्छी सीख / डॉ. मोनिका शर्मा

ना करो कभी किसी के मन को दुखाने वाले कमेंट्स

बच्चो, तुम्हारी अच्छी या बुरी आदतें तुम्हें अच्छा या बुरा इंसान बनाने में इंपॉर्टेंट रोल निभाती हैं। तुम्हारी हमेशा यही कोशिश होनी चाहिए कि तुम्हारी बातों या व्यवहार से किसी का मन ना दु:खी हो। इसके लिए तुम्हें हमेशा कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

बच्चो, क्लासमेट्स हों, जान-पहचान के परिवारों के तुम्हारे ही एज ग्रुप के बच्चे या हमउम्र नेबर्स। सब एक जैसे नहीं हो सकते। सबका व्यक्तित्व अलग-अगल होता है। बोलने का रंग-ढंग भी डिफरेंट होता है। पढ़ाई में भी सब एक जैसा परफॉर्म नहीं कर पाते। इसीलिए किसी भी बात को लेकर कभी भी किसी पर नेगेटिव कमेंट नहीं करना चाहिए।

मन दुखाता बिहेवियर

बच्चो, ज्यादा वजन वाले किसी क्लासमेट को मोटा कह देना, एग्जाम में कम मार्क्स आने पर किसी का मजाक उड़ाना, किसी नेबर के पहनावे में कमी निकालना या अपने किसी फ्रेंड के अच्छे से कोई खेल ना खेल पाने पर उसकी हंसी उड़ाना या फिर किसी के मन में कुछ नया सीखने से पहले रहने वाले डर या उलझन को और बढ़ाना, किसी को कुछ सीखने में थोड़ा ज्यादा समय लगने पर कुछ कह सुनाना। किसी के कोई नई चीज, एक्टिविटी या लुक ट्राय करने पर मजाक बनाना। ये सब तुम्हें बिल्कुल नहीं करना चाहिए। मजाक भर लगने वाले ऐसे कमेंट्स दिल को बहुत ठेस पहुंचाते हैं। ऐसी बातें तुम्हारे सहपाठी या दोस्त का दिल ही नहीं दुखातीं, उसके आत्मविश्वास को कम करने वाली भी होती हैं। बच्चो, मन दुखाने वाले इस तरह के बिहेवियर से तुम्हें हमेशा बचना चाहिए।



समझो ये बात

किसी की फिजिकल अपीयरेंस के पीछे कोई हेल्थ से जुड़ी प्रॉब्लम भी हो सकती है। रंग-रूप भी हमें जन्म से ही मिलता है। इन बातों पर हमारा वश न के बराबर होता है। ऐसे में किसी को कुछ भी कह देना, मन दुखाने वाली बात होती है। इतना ही नहीं, किसी भी बात को प्वाइंट आउट कर किसी पर टीका-टिप्पणी करना, खुद तुम्हें भी नेगेटिव मानसिकता के घेरे में ले आएगा। इसीलिए हमेशा सोच-समझकर बोलने की आदत बनाओ।

क्वालिटीज को देखो

बच्चो, तुमने जरूर ध्यान दिया होगा कि किसी फ्रेंड की हैंड राइटिंग अच्छी होती है तो किसी की रीडिंग। कोई स्पोर्ट्स में अच्छा होता है तो किसी की डांसिंग कमाल की होती है। इसीलिए किसी को भी जज करने या कमतर आंकने की भूल तुम्हें नहीं करनी चाहिए। दूसरों को अपने से पीछे या नीचे समझने की सोच ही नकारात्मक शब्दों को तुम्हारी बातचीत का हिस्सा बना देती है। दूसरों की उपेक्षा करना सिखाती है। तुम्हारे मन में ईगो ले आती है। इसीलिए क्लासमेट्स हों या फ्रेंड्स, हमेशा उनके गुणों पर ध्यान दो। अगर तुम्हारे साथियों में कोई कमी हो तो भी उसे मोटिवेट करो। मन को ठेस पहुंचाते कमेंट्स वाली खींचतान के बजाय एक-दूसरे को बेहतर बनने में मदद करने का प्यारा भाव रखो। इस बात को हमेशा याद रखो कि कोई भी परफेक्ट नहीं होता। ताना देने के बजाय अपनी बातचीत में काइंड वर्ड्स को शामिल करो। पॉजिटिव कम्युनिकेशन से खुद अपने पर्सनालिटी को भी बेहतर बनाने में मदद मिलती है। सोच-समझकर बोलना जिंदगी में हमेशा काम आता है। *



नेगेटिव कंटेंट से रखो दूरी

बच्चो, आजकल बहुत से रील्स और टीवी कार्यक्रमों में भी मजाक उड़ाने वाली बातें खूब होती हैं। कई वीडियोज में तो टीचर्स और मम्मी-पापा का भी मजाक उड़ाते हुए दिखाया जाता है। जाने-अनजाने यह कंटेंट तुम्हारे मन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने लगता है। इन्हें देखकर बहुत से बच्चे तो टीचर्स के अपीयरेंस तक पर कमेंट करने लगते हैं। स्कूल में पढ़ाने-सिखाने वाले तुम्हारे टीचर्स तुम्हारे शब्दों से दुखी हों, यह कोई अच्छी बात नहीं है। इसलिए तुम ऐसे कंटेंट से दूर रहो।





स्कूल बस का रंग पीला क्यों होता है

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अधिकांश स्कूल बसों का रंग पीला क्यों होता है? क्या यह सिर्फ एक पुरानी परंपरा है या इसके पीछे कोई व्यावहारिक और वैज्ञानिक कारण है? इस बारे में जानो।

जानकारी
नयनतारा

बच्चो, तुमने देखा होगा कि प्रायः स्कूल बसों का रंग पीला होता है। हो सकता है तुम भी जिस स्कूल बस से जाते हो, उसका रंग भी पीला हो। तुम सोचते होगे कि क्या कोई नियम है कि स्कूल बस पीले रंग की ही होनी चाहिए या इसके पीछे कोई और वजह है? आओ जानते हैं।

व्यावहारिक कारण: 1930 तक अमेरिका में ऐसी स्कूल बसों का प्रयोग किया जाता था, जो अलग अलग रंग की होती थीं। कुछ नीली रंग की होती थीं, कुछ हरे, लाल या एकदम लकड़ी जैसे रंग की। इन स्कूल बसों का कोई स्टैंडर्ड फिक्स कलर नहीं होता था, जिससे व्यस्त सड़कों पर अलग से नोटिस किया जा सके कि यह स्कूल बस है। इस बात को ध्यान में रखकर शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. फ्रैंक डब्लू सर ने 1939 में एक सम्मेलन का आयोजन किया ताकि स्कूल यातायात के लिए राष्ट्रीय मानक बनाया जा सके। इससे संबंधित अनेक सुझाव दिए गए, जिनमें यह आम सहमति बनी कि प्रत्येक स्कूल बस को समान चमकदार पीले रंग से पेंट किया जाए। आखिरकार इसी रंग को 'नेशनल स्कूल बस ग्लॉसी येलो' मान लिया गया।

वैज्ञानिक कारण: बच्चो, स्कूल बसों को पीले रंग से रंगने के पीछे वैज्ञानिक कारण भी हैं। दरअसल, हमारी आंखें अन्य रंगों की तुलना में पीले रंग को अधिक जल्दी पहचानती हैं, खासकर दिन की रोशनी में। यह रंग पेड़ों, बिल्डिंग्स, बादल भरे आसमान और बारिश के बीच भी अलग दिखाई देता है। गहरे रंग अकसर अपनी पृष्ठभूमि में रम जाते हैं, जबकि पीला रंग तुरंत और दूर से ही ध्यान आकर्षित करता है।

हर मौसम के लिए अनुकूल रंग: स्कूल बस को हर प्रकार के मौसम में चलना होता है, चाहे सुबह की धुंध हो, बारिश हो, जाड़े की सुबह हो या धूल भरी सड़क, जिससे दिखाई देना कठिन हो जाता है। इनमें से अधिकतर स्थितियों में चमकदार पीले रंग का स्कूल बस को दूर से देख लिया जाता है। फिर जब बस आगे व पीछे काले रंग से 'स्कूल बस' लिखा होता है तो उसे देखना और ज्यादा आसान हो जाता है। इससे जब साथ में चलने वाले दूसरे वाहन, स्कूल बस को धीमा होते या रुकते हुए देखते हैं तो उनके चालकों को प्रतिक्रिया का कुछ अतिरिक्त समय मिल जाता है। यही वजह है कि पीला रंग स्कूल बस की सुरक्षा का प्रतीक बन गया और यह पूरी दुनिया में अपनाया गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

हंसाती-गुदगुदाती कविताएं

बच्चो, जरा सोचो अगर एक ऐसी पुस्तक तुम्हें पढ़ने को मिल जाए, जिसमें मनोरंजन, हास्य के साथ पर्यावरण की भी जानकारी हो तो पढ़ने में कितना मजा आएगा! डॉ. सुधा गुप्ता 'अमृता' द्वारा रचित 'चीं चीं चीं हाऊं हाऊं' एक ऐसा ही बाल कविता संग्रह है। इसमें कुल 23 कविताएं हैं। 'अरे! पेड़ पर चढ़ गए हम' कविता में बड़े उत्साह से एक बच्चा पेड़ पर चढ़ तो गया, लेकिन नीचे कैसे उतरे? ऊपर से पेड़ पर बैठे बंदर को देखकर सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती है। मारे डर के फिसलता है, संभलता है फिर धड़ाम से नीचे कूद जाता है। 'खट्टे हैं अंगूर' कविता में तुम पढ़ोगे कि लोमड़ी तो अंगूर नहीं तोड़ पाती है, मगर पेड़ पर चढ़कर बंदर झट से अंगूर तोड़ देता है। इस किताब में 'वैशाखनंदन' पर भी कविता है। तुम समझ गए न! वैशाखनंदन, गधे को कहते हैं। शीर्षक कविता 'चीं चीं चीं हाऊं हाऊं' कविता में तुम पढ़ोगे कि कैसे एक चूहा मुखौटा लगाकर शेर बन जाता है। चूहे को इस तरह देखकर बिल्ली भी डर कर भाग जाती है। 'धम धमाधम फिसले' कविता में तुम पढ़ोगे कि बरसते हुए पानी और कीचड़ के बीच किस तरह सारी सब्जियां धम धमाधम एक-दूसरे पर गिरती हैं? पुस्तक की अन्य कविताएं भी बहुत ही रोचक और मजेदार हैं। *



किताब : चीं चीं चीं हाऊं हाऊं (बाल-कविता संग्रह), **लेखिका :** डॉ. सुधा गुप्ता 'अमृता', **मूल्य :** 150 रुपए, **प्रकाशक :** इंडिया नेटबुक्स प्रा. लि., नोएडा

हंसगुल्ले



चिंटू : फाइव के बाद क्या आता है?
मिंटू : जीरो।
चिंटू : अरे! ऐसा कहां आता है?
मिंटू : फैन के रेगुलेटर में।
-सान्या, रायपुर

मोनू : यार, ये गूगल किसी काम का नहीं!
सोनू : क्यों, क्या हुआ?
मोनू : क्या फायदा ऐसे गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आने वाले हैं।
-प्रियांश, बिलासपुर

जीके क्विज-222

1. 73वें मिस वर्ल्ड 2026 का खिताब किसने जीता है?
2. हाल में भारत के पहले कार्बन गार्डन का उद्घाटन कहां किया गया है?
3. 19 सितंबर से एशियाई खेलों का आयोजन किस देश में शुरू होने वाला है?
4. भारत के किस शहर में कल से ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा?
5. महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन और शतक लगाने वाली खिलाड़ी कौन बन गई है?
6. राष्ट्रीय हिंदी दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?
7. भारत के राष्ट्रपति को उसके पद की शपथ कौन दिलाता है?
8. 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?
9. भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
10. विद्युत धारा का मात्रक क्या है?



बच्चो, जीके क्विज-222 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-221 का उत्तर : 1. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, 2. 2020, 3. द्वितीय, 4. बिहार, 5. नई दिल्ली, 6. 1961 ई., 7. 6 से 14 वर्ष, 8. चाणक्य, 9. कैजिया लिज मेजो, 10. मिचेल स्टार्क

जीके क्विज-221 का सही उत्तर देने वाले : आकांक्षा-रायपुर, सचिन-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, कशिश-रायपुर, दीपक-सीतापुर, हर्षा-रोहतक, गुंजन-बिलासपुर, रोशन-बालोद, संजना-कांकेर, आलोक-दुर्ग, साकेत-दुर्ग



कहानी
विमला रस्तोगी

शिल्पी और मान्या दोनों सहेलियां पुणे के एक इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती हैं। इसी स्कूल में साथ पढ़ते हुए दोनों की दोस्ती हुई। शिल्पी-मान्या दोनों इस साल कक्षा पांच में आ गई हैं। कक्षा चार तक अन्य विषयों के साथ हिंदी पढ़ना अनिवार्य था। अब कक्षा पांच में हिंदी लेना अनिवार्य नहीं था। बच्चे हिंदी के स्थान पर कोई विदेशी भाषा जैसे फ्रेंच या जर्मन ले सकते हैं।

शिल्पी की मम्मी चाहती थीं कि उनकी बेटी हिंदी ले, पर उसके पापा चाहते थे कि फ्रेंच ले। शिल्पी एक वर्ष पहले ही पुणे आई थी। इससे पहले वह तीन वर्ष अपने मम्मी-पापा के साथ शंघाई (चीन) में रही थी। शंघाई में उसकी मम्मी अपने परिचितों के बच्चों को हिंदी पढ़ना सिखाती थीं। वह शाम को एक घंटा बच्चों को हिंदी पढ़ाती थीं। शिल्पी भी उनके साथ बैठकर हिंदी पढ़ती थी। मम्मी का बच्चों को हिंदी पढ़ाना शिल्पी को बहुत अच्छा लगता था। उसे हिंदी से बहुत लगाव हो गया था।

मान्या भी अपने मम्मी-पापा के साथ ऑस्ट्रेलिया में रहकर पुणे आई थी। उसके मम्मी-पापा घर पर हिंदी में बात करते थे। ऑस्ट्रेलिया से आकर मान्या ने शिल्पी के स्कूल में दाखिला लिया। दोनों बहुत जल्दी अच्छी दोस्त बन गईं।

शिल्पी की हिंदी, मान्या से अच्छी थी। वह मान्या को होमवर्क करने में सहायता करती थी। शिल्पी हिंदी की बाल पत्रिकाओं में से कहानी पढ़कर मान्या को सुनाती तो उसे बहुत मजा आता। हिंदी के प्रति मान्या की रुचि बढ़ती जा रही थी। लेकिन मान्या के मम्मी-पापा उसे एक विषय के रूप में हिंदी दिलाने के लिए तैयार नहीं थे, जबकि मान्या हिंदी लेना चाहती थी।

शिल्पी और मान्या के पैरेंट्स को तय करना था कि उनकी बेटियों को हिंदी को एक विषय के रूप में पढ़ना है या नहीं। शिल्पी-मान्या तो चाहती थीं कि वे हिंदी विषय लें, लेकिन शिल्पी के पापा इच्छुक नहीं थे कि उनकी बेटी हिंदी विषय ले। उधर मान्या के मम्मी-पापा दोनों ही उसे हिंदी विषय के रूप में दिलाने को तैयार नहीं थे। आखिर दोनों सहेलियां क्या हिंदी विषय लेकर साथ-साथ पढ़ पाईं?

हिंदी बनी दोस्ती की डोर



एआई इमेज

शिल्पी ने एक दिन अपनी मम्मी से कहा, 'आप मान्या की मम्मी से बात करें, उन्हें समझाएं कि मान्या को हिंदी विषय लेने दें। उन्हें यह भी बताएं कि आप शंघाई में बच्चों को हिंदी पढ़ाती थीं। अपने देश की राजभाषा हिंदी पढ़ना जरूरी है।'

मम्मी बोलीं, 'ठीक है, मौका देखकर उनसे बात करूंगी।'

शिल्पी को चिंता थी कि पता नहीं मान्या हिंदी विषय ले पाएगी या नहीं? उसने एक दिन मम्मी का मोबाइल लेकर मान्या को फोन किया, बोली, 'सुन, मेरी मम्मी आज मेरे लिए पापा से फाइनल बात कर लेंगी कि मैं कोई और भाषा नहीं, हिंदी भाषा ही लूं। तू भी अपनी मम्मी को समझा। अगर तूने हिंदी नहीं ली तो हम दोनों के सेक्शन अलग हो जाएंगे। आपस में मिलना कम हो जाएगा। हमारी दोस्ती में भी दूरी आ जाएगी।'

उधर से मान्या बोली, 'अभी बात नहीं कर सकती। घर पर मेहमान आए हैं।' कहकर उसने फोन काट दिया। शिल्पी उदास हो गई। रात को खाना खाने के बाद मम्मी ने पापा से बात की, उन्हें फिर से किसी तरह समझाया कि शिल्पी को हिंदी विषय लेने दें। पापा राजी हो गए। उन्होंने शिल्पी को प्यार से अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम विषय के रूप में हिंदी ले सकती हो।'

'थैंक यू, पापा!' कहकर शिल्पी पापा के गले से लिपट गई। शिल्पी बहुत खुश थी, लेकिन उसका ध्यान मान्या में ही अटका था। वह सोच रही थी, हिंदी हमारी राजभाषा है, यह इतनी प्यारी भाषा है कि इसे हर भारतीय को पढ़ना चाहिए, तो हम इसे क्यों ना पढ़ें?

अगले दिन स्कूल में पैरेंट्स को अपना निर्णय बताना था। शिल्पी अपनी मम्मी के साथ स्कूल समय से पहले पहुंच गई। कुछ ही देर में मान्या भी अपनी मम्मी के साथ आ गई। वे चारों गेस्ट रूप में बैठ गए।

'अब क्या निर्णय रहा आपका?' शिल्पी की मम्मी ने मान्या की मम्मी से पूछा।

उन्होंने बताया, 'कल मान्या के पापा के एक मित्र आए थे। वे एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में हिंदी के प्रोफेसर हैं। कई साल तक विदेशों में भी हिंदी पढ़ा चुके हैं। उनके सामने मान्या के हिंदी को एक विषय के रूप में लेने वाली बात आई।'

'क्या कहा उन्होंने?' शिल्पी की मम्मी ने उत्सुकता से पूछा। 'यही कि आजकल विदेशों में रहने वाले भारतीय अपने बच्चों को हिंदी के ट्यूशन लगवा रहे हैं। इंटरनेशनल लेवल पर हिंदी का महत्व बढ़ा है। विदेशी यूनिवर्सिटीज अब हिंदी के प्रोफेसर रख रही हैं। हिंदी अनुवादकों की भी बहुत जगह जरूरत पड़ती है। इस तरह हिंदी विषय आपको अच्छी जॉब दिलाने में सहायता करता है। और फिर हर भारतीय को हिंदी भाषा अच्छे से आनी चाहिए। आप लोगों को खुश होना चाहिए कि आपकी बेटी की हिंदी पढ़ने में रुचि है।' मान्या की मम्मी ने बताया। शिल्पी की मम्मी ने पूछा, 'फिर आपने और मान्या के पापा ने क्या सोचा?'

'सोचना क्या था, आप पहले ही मुझे समझा चुकी थीं। इसलिए हमने मान्या को हिंदी विषय लेने को कह दिया।' मान्या की मम्मी का इतना कहना था कि 'थैंक यू आंटी' कहते हुए शिल्पी ने मान्या को गले लगा लिया। खुशी से मान्या की आंखें भर आईं। दोनों सहेलियों की खुशी देखकर दोनों की मम्मी भी खुश हुईं।

सब खुशी-खुशी प्रिंसिपल के ऑफिस की तरफ चल दिए। यह बताने के लिए कि शिल्पी और मान्या अपनी प्यारी राजभाषा हिंदी पढ़ेंगी। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय



एआई इमेज

हिंदी सहज-सरल है

हिंदी सहज है, हिंदी सरल है।
भाषा की झीलों में खिलता कमल है।
यह हमको प्यारी, यह सबको प्यारी,
इसमें ही बसती है दुनिया हमारी।
इसकी पढ़ाई, इसमें लिखाई,
बोलें जो हिंदी में, होती बड़ाई।
भारत की वाणी का यह गंगाजल है।
हिंदी सहज है, हिंदी सरल है।
भाषा की झीलों में खिलता कमल है।
दादा और दादी, नाना और नानी,
हिंदी में हमको सुनाते कहानी।
हिंदी के गाने, मीठे तराने,
सब ही समझते हैं उनके माने।
यह मातृ भाषा है, पावन प्रबल है।
हिंदी सहज है, हिंदी सरल है।
भाषा की झीलों में खिलता कमल है।

रंग भरो-210

रंग भरो-210 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शिफा, महासमुंद



आशना, जांजगीर



अद्विक, जांजगीर



कुंजल, रायपुर



येवांशी, रायपुर



दिव्या, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिशा-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सुजाता-भोपाल, कोमल-रोहतक, सिद्धांत-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोनिया-जांजगीर, प्रिया-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, राजा-कोरबा

रंग भरो 211



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में खुशी हिंदी कविताओं की किताब पढ़ रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

जैकेट के शेष

अधूरे पुल पर ....
तेज बहाव वाली नदी में बदल जाती है। आयोग ने इसे मानव अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला माना है।
ज्ञात हो कि हरिभूमि अखबार ने इस खबर को सबसे पहले 1 सितम्बर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग सेतु शाखा के अफसरों ने अधूरे पुल स्थल का निरीक्षण किया और सिंगल लोहे की छड़ वाली सीढ़ी हटाकर सेंट्रिंग प्लेट से सीढ़ी बनवा दी हालंकि इससे बच्चो के लिए नदी पार करने की मूल समस्या का स्थाई समाधान नही हुआ। यह सेंट्रिंग प्लेट वाली सीढ़ी और भी खतरनाक साबित हो रही है। देहारगुड़ा और खाममाठा के बीच पैरी नदी मे करीब 300 मीटर इस लंबे पुल का निर्माण कार्य पिछले 06 सालो से चल रहा है, लेकिन यह अभी भी अधूरा है जबकि एक वर्ष पहले गरियाबंद के तत्कालीन कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं विधायक जनक ध्रुव ने अधूरे पुल का निरीक्षण कर संबंधित निर्माण एजेंसी को बारिश से पहले पुल निर्माण करने का सख्त निर्देश दिया था।

स्कूल-हॉस्टल, कोचिंग ....
प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, विशेष सचिव रजत बंसल, संयुक्त सचिव प्रभात मलिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जर्जर भवनों की ....
की कार्यसंस्कृति विकसित करनी होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित जोखिमों की पहचान कर दुर्घटना की आशंका को पहले ही समाप्त किया जाए।

मासूम से दरिंदगी ...
निकली थी। वह अपने घर से पहले अपने चाचा के घर गई थी, जहां पर उसे आखिरी बार सुबह करीब साढ़े 10 बजे देखा गया था। उसके बाद से बच्ची लापता हो गई थी। रात में करीब 8 बजे आरोपी के घर के बगल में खड़ी बादल नाम के युवक की कार में बच्ची की लाश मिली थी। जांच के बाद पुलिस ने बच्ची के चाचा को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी चाचा सहित तीन लोगों के सैंपल का डीएनए टेस्ट कराया। जांच कराने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में शासन के तरफ से पैरवी अधिवक्ता रूपवर्षा दिल्लीवार ने की। उन्होंने बताया कि न्यायालय से सजा सुना दी है। ऑर्डर कॉपी फिलहाल उपलब्ध नहीं कराई गई है।

पुलिस हिरासत में ....
जानकारी के अनुसार मेहंदी पारा चांपा निवासी शिव सहिस को बुधवार 9 सितंबर को अवैध शराब बिक्री के एक मामले में पुलिस ने पकड़ा था। जिसे चांपा थाना लाया गया।बताया जाता है कि पुलिस हिरासत में रात के समय उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद पुलिस उसे जिला अस्पताल जांजगीर लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान गुरुवार 10 सितंबर की सुबह उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर जैसे ही परिजनों और मोहल्ले के लोगों को मिली, उनमें आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग चांपा थाने पहुंचे और घेराव कर दिया। प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने आरोप लगाया कि शिव सहिस के साथ थाने में मारपीट की गई और उसे प्रताड़ित किया गया, जिसके कारण उसकी तबीयत बिगड़ी और बाद में उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद उठे आरोपों और पुलिस के दावों के बीच अब जांच रिपोर्ट का इंतजार है।

पत्नी और बच्चों के लिए मदद की मांग : प्रदर्शन कर रहे परिजनों ने मृतक के परिवार के लिए आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि शिव सहिस की मौत के बाद उसकी पत्नी के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। इसलिए मृतक की पत्नी के लिए आजीविका की व्यवस्था करने तथा बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाने की मांग की गई।

पुलिस ने मिर्गी का दौरा पड़ने की बताई वजह : पुलिस के मुताबिक हिरासत के दौरान शिव सहिस को मिर्गी का दौरा पड़ा था। उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल चाम्पा के बीड़ीएम अस्पताल पहुंचाया गया और बाद में जिला अस्पताल जांजगीर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने शव लेने से किया इनकार : चांपा थाना में आबकारी एक्ट के मामले में लाए गए युवक की हिरासत में मौत के मामले में जहां परिजनों के साथ लोगों की भीड़ सुबह से शाम तक बैठी रही, वहीं पोस्टमार्टम पश्चात पुलिस ने शव को परिजनों को सौंपा तो मृतक की पत्नी और परिजनों के साथ उपस्थित लोगों ने शव लेने से इनकार कर दिया। वे 50 लाख रुपए मुआवजा और बच्चों की पढ़ाई लिखाई का खर्च ,भरण पोषण सहित अन्य मांगों को लेकर अड़े रहे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक थाना परिसर में परिजनों के साथ लोगों की भीड़ डटी रही। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी समझाइश देने में जुटे रहे।

कोर्ट ने कहा- अपनी ...
छुए, माफी मांगे और उनका आशीर्वाद ले। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणियां इस बात से आश्वस्त होने के बाद कीं कि बेटे ने अपने माता-पिता की संपत्ति हड़पने की कोशिश की थी। जस्टिस शर्मा ने पुत्र को हिंदू धर्म में मां के महत्व की याद दिलाई और उससे माफी मांगने को कहा। मां और बेटे के पिता यानी पति-पत्नी संपत्ति के मालिक हैं।

बड़ा फैसला, देशभर के 14 हजार पायलटों की होगी ड्रग टेस्टिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में अचानक ऊंचाई कम होने और उसके पायलट के ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद विमानन सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। अब देश की सभी एयरलाइंस के पायलटों की एक बार ड्रग टेस्टिंग कराई जाएगी। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने अगस्त में सभी भारतीय एयरलाइंस को यह निर्देश दिया था। इसके तहत जुलाई 2027 तक सभी पायलटों का एक बार साइकोएक्टिव सब्सटेंस का टेस्ट किया जाना है। देश की एयरलाइंस में करीब 14,000 पायलट काम करते हैं। सूत्रों के मुताबिक, इनकी टेस्टिंग शुरू भी हो चुकी है। 4 अगस्त को फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट से जुड़ी घटना के बाद एयर इंडिया ग्रुप ने अपने स्तर पर करीब 5,000 पायलटों के रैंडम ड्रग टेस्ट शुरू कर दिए थे। इनमें एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट शामिल हैं। 4 सितंबर को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की ओर से फुकेत-दिल्ली फ्लाइट के कमांडर के ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने की जानकारी सामने आने के कुछ घंटे बाद एयर इंडिया ने पायलट की नौकरी खत्म कर दी थी।

■ एयर इंडिया घटना के बाद एक्शन मोड में डीजीसीए



साल में एक बार टेस्ट कराने की तैयारी
सिविल एविएशन मिनिस्टर के. राममोहन नायडू ने बताया है कि साइकोएक्टिव सब्सटेंस की जांच से जुड़े नए और पहले से ज्यादा सख्त नियमों का ड्राफ्ट डीजीसीए इस महीने के अंत तक जारी कर सकता है। नायडू ने अगस्त में कहा था कि सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने डीजीसीए को सुझाव दिया है कि सभी पायलटों का साल में एक बार डोप टेस्ट कराया जाए। मौजूदा नियमों के तहत हर साल 10 प्रतिशत पायलटों का रैंडम टेस्ट अनिवार्य है।



सीजेआई प्रोटेस्ट छात्र को नोटिस अफसर सस्पेंड
नई दिल्ली। एसएफआई नेता अक्षत त्रिपाठी को नोटिस जारी करने वाले एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट को सस्पेंड कर दिया गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस बात की जानकारी गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को दी। अक्षत त्रिपाठी को पिछले सप्ताह जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर नोटिस जारी किया गया था। यह नोटिस सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बावजूद दिया गया था, जिसमें प्रदर्शन में शामिल छात्रों के खिलाफ आगे कोई प्रतिकूल कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात कही गई थी। हालांकि, बाद में अक्षत को जारी नोटिस वापस ले लिया गया। शीर्ष अदालत जंतर-मंतर और देश के अन्य हिस्सों में जुलाई में हुए विरोध प्रदर्शनों से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी।

बड़ी उपलब्धि

'टीवीके' को मिली मान्यता 'सीटी' निशान पर मुहर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चुनाव आयोग ने तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को आधिकारिक तौर पर एक राजनीतिक पार्टी के रूप में मान्यता दे दी है। इसके साथ ही चुनाव चिह्न के तौर पर 'सीटी' पर भी मुहर लगा दी है। दरअसल थलपति विजय की अगुवाई वाली टीवीके एक ऐसी पार्टी हैं, जिसने बनने के सिर्फ दो साल के भीतर ही सरकार बना ली। चुनाव आयोग के हालिया फैसले के साथ ही तमिलनाडु में मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय पार्टियों की संख्या छह से बढ़कर सात हो गई है। दरअसल पिछले विधानसभा चुनाव में तमिलगा वेत्री कषगम ने सभी 234 विधानसभा सीटों में अकेले चुनाव लड़ा और 108 सीटें जीतीं। इसके बाद टीवीके ने कांग्रेस और वीसीके जैसी पार्टियों के समर्थन से सरकार बनाई। चुनाव आयोग ने तमिलगा वेत्री कषगम को तमिलनाडु में एक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के रूप में मान्यता दी है। यह उपलब्धि पार्टी के बनने के सिर्फ दो साल बाद ही हासिल हुई।



चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को मान्यता
भारत में राजनीतिक दल जनता की सेवा करने के मकसद से बनाए जाते हैं। कोई भी भारतीय नागरिक राजनीतिक दल शुरू कर सकता है। जब ऐसे दल देश या किसी खास राज्य में अपनी सेवाएं देते हैं, तो वे चुनाव आयोग से राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय दल के तौर पर मान्यता पाने के हकदार हो जाते हैं। हालांकि, हर नई बनी पार्टी को आधिकारिक मान्यता नहीं मिलती। चुनाव आयोग मान्यता तभी देता है जब कोई पार्टी चुनावी प्रदर्शन के जरिए जनता का समर्थन और अपना प्रभाव साबित कर दे। इसके लिए आयोग ने 1968 से मान्यता देने के नियम तय किए हैं।

पेज एक के शेष

आवासीय और कृषि जमीन पर...
श्रेणियों में स्पष्ट रूप से यह तय किया गया है कि किस तरह की गतिविधियां प्रतिबंधित होंगी। सरकार ने इस मसौदे पर 15 दिन के भीतर आम लोगों से आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। **सार्वजनिक एवं अर्ध-सार्वजनिक के लिए ये प्रावधान** : इन क्षेत्रों में पूर्ण आवासीय टाउनशिप (अनुमोदित कर्मचारी आवास को छोड़कर), भारी वाणिज्यिक गतिविधियां, हरित, नारंगी और लाल श्रेणी के उद्योग, खतरनाक पदार्थों का भंडारण, असंबंधित व्यावसायिक उपयोग, थोक बाजार, बूचड़खाने, कबाड़खाने, खनन, तेल डिपो, पेट्रोलियम एवं ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण, गैस गोदाम, पशुपालन, पोल्ट्री पालन और गोदाम प्रतिबंधित होंगे। **औद्योगिक भूमि पर छात्रावास, पशुपालन डेयरी नहीं** : औद्योगिक क्षेत्रों में पूर्ण आवासीय टाउनशिप (अनुमोदित कर्मचारी आवास, छात्रावास और डॉरमिटरी को छोड़कर), स्कूल, संक्रामक रोग अस्पताल, जेल, बड़े परिवहन टर्मिनल, थोक व्यापार, तेल डिपो, पेट्रोलियम एवं ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण, गैस गोदाम, पशुपालन, डेयरी एवं पोल्ट्री, असंबंधित व्यावसायिक मनोरंजन गतिविधियां, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील उपयोग तथा श्मशान व कब्रिस्तान संबंधी गतिविधियां प्रतिबंधित होंगी।

ब्रिक्स समिट में मोदी-जिनपिंग...
नेताओं का मुख्य समिट 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में होगा। मौजूदा रिपोर्ट के अनुसार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 11 सितंबर को और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के 12 सितंबर को पहुंचने का कार्यक्रम है।

'हनुमान अंश' सियासी ....
बघेल के अलावा भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। यह फिल्म बाबा नीम करौरी के जीवन और आध्यात्मिक प्रसंगों से प्रेरित है। 7 अगस्त को रिलीज हुई 'हनुमान अंश' ने अपनी कमाई से सबका ध्यान खींचा है। महज 2 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने अपने बजट से कहीं ज्यादा कमाई कर ली है। फिल्म की लगातार अच्छी परफॉर्मेंस के बीच अब इसकी चर्चा राजनीतिक गलियारों तक भी पहुंच गई है। प्रदेश के तीन प्रमुख संवैधानिक पदों पर बैठे नेताओं के एक साथ फिल्म देखने पहुंचने की खबर से मॉल में मौजूद लोगों में भी उत्सुकता नजर आई। **फिल्म को सराहा** : जोरा मॉल में फिल्म देखने पहुंचे नेताओं को देखकर वहां मौजूद लोगों ने भी उत्साह जताया। इस दौरान फिल्म को लेकर लोगों के बीच चर्चा होती रही। मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने भी फिल्म देखने के बाद इसके विषय और प्रस्तुति को लेकर अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने फिल्म की सराहना की। **बॉक्स आफिस पर हिट** : फिल्म 'हनुमान अंश' को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही चर्चा बनी हुई है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा रिस्पॉन्स मिलने की बात कही जा रही है। दुनियाभर में फिल्म की कमाई 150 करोड़ रुपये से अधिक पहुंचने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का फिल्म देखना इसके प्रति दर्शकों की दिलचस्पी को और चर्चा में ले आया।

छह ठेकेदार ब्लैकलिस्ट दो का...
नोटिस जारी किए गए। अनुबंध अवधि बढ़ाने और ठेकेदारों द्वारा काम पूरा करने के संबंध में शपथ पत्र दिए जाने के बावजूद निर्माण की गति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय ने कार्रवाई के आदेश जारी किए। राज्य शासन ने बस्तर में महत्वाकांक्षी सड़क और पुल निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति की व्यापक समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की है। शासन ने इन मामलों में बिलासपुर हाईकोर्ट में कैविएट भी दायर की है, ताकि कार्रवाई को लेकर किसी तरह की कानूनी प्रक्रिया की स्थिति में शासन का पक्ष भी प्रभावी ढंग से रखा जा सके। **छह ठेकेदारों पर कार्रवाई** : विभाग ने के. मोहन रेड्डी, मेसर्स शांति विजय कंस्ट्रक्शन, मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा., मेसर्स राघवा कंस्ट्रक्शन, मेसर्स बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेसर्स पंकज हालदार के खिलाफ पंजीयन के नवीनीकरण पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। इनमें के. मोहन रेड्डी और मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा. के पंजीयन निरस्त किए गए हैं। दोनों के खिलाफ अगले पांच वर्षों तक पंजीयन का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा।

दो आबकारी ...
72 नग इस प्रकार कुल 1152 नग बरामद किए गए। जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय कांकेर के प्रभारी अधिकारी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी मधुकर श्याम हरित को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में प्रथम दृष्टया गंभीर लापरवाही, कर्तव्य के प्रति उदासीनता तथा अपने प्रभार क्षेत्र में प्रभावी पर्यवेक्षण एवं सतत निगरानी नहीं रखे जाने के कारण निलंबित किया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी मधुकर श्याम हरित का निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर में निर्धारित किया गया है। उक्त प्रकरण में भानुप्रतापपुर के आबकारी उप निरीक्षक रानू मरकाम को भी अपने क्षेत्र में कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एवं शिथिल नियंत्रण के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

बिलासपुर-कटनी..
मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं की कुल लंबाई 288 किलोमीटर है और इन पर करीब 4254 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अतिरिक्त रेल लाइन उपलब्ध होने से वर्तमान में दूसरी और तीसरी लाइन पर बने यात्री व मालगाड़ियों के दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही ट्रेनों के परिचालन में अधिक लचीलापन आने से नई यात्री सेवाओं के संचालन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक / 1013 / तक./ न.पा.परि. / 2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक: 08/09/2026

मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों / एंजेसी / कंपनी से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रं.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि (रूपये लाख में)	निविदा प्रपत्र आवेदन करने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 04 बस स्टैण्ड दन्तेवाड़ा में शुलभ शौचालय निर्माण में अतिरिक्त निर्माण कार्य	9.63	18.09.2026

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

No. वरि.मं.सा.प्र./रायपुर/353 निविदा सूचना Date: 07.09.2026

क्र. सं.	निविदा सूचना सं.	कार्य का नाम	समाप्ति तिथि
1	Sr.DMM/ SECR/ Raipur Tender No. 96285180	संलग्न विनिर्देश के अनुसार 500KVA थ्री फेज, 415 वोल्ट DG सेट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग। मात्रा: 02 सेट, प्राप्तकर्ता (Consignee): SSEE/G/SS No. 3/R प्राप्तकर्ता: एएएरई/जी/एएएस नं. 3/एराईसीआर/रायपुर, मात्रा: 02 रोट,	05.10.2026 सुबह 10:30 बजे
2	Sr.DMM/ SECR/ Raipur Tender No. 96285639	कैब एयर कंडीशरर HVAC यूनिट, विशिष्टता संख्या WAG4/EL/ PS/35 (REV.03) अथवा नवीनतम के अनुसार, इनबिल्ट इन्वर्टर सहित, की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग, जिसमे छत को काटकर माउंटिंग फ्रेम की वेल्डिंग करना तथा ड्रेन व्यवस्था हेतु आवश्यक प्रावधान करना शामिल है। मात्रा: 56 नग। कन्साइनी: SSE(D)RAIPUR	05.10.2026 सुबह 10:30 बजे

1. निविदा दस्तावेज वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है और वही डॉउनलोड भी किया जा सकता है। 2. सभी बोलीदाताओं/ निविदाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जीएसटी का अनुपालन कर रहे है और जीएसटी कानून के अनुसार कर संरचना/ दर उद्धृत करते हैं। 3. निविदा अनुबंध से संबंधित अन्य पुछताछ के लिए वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय रायपुर डी.आर.एम. काम्प्लेक्स निगर आर.एच.एच. कॉलोनी डब्ल्यू.आर.एस. रायपुर पिन-492008 मो.नं. 0771-2252258/ 9752877770 से सम्पर्क करें।

PR/R/Sr.DMM/D360/204 वरि. मंडल सामग्री प्रबन्धक, द.पू.म.रेलवे, रायपुर

South East Central Railway @secrail

homefirst We'll take you home

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की
बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से कॉलम (ii) में वर्णित ऋणधारक(ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देय राशि और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, और चूंकि देय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री द्वारा देय राशि की वसूली का प्रस्ताव करता है और इसे ' 'जैसा है जहां है' ',' 'जैसा है वैसा ही' ' और ' 'जो कुछ भी है' ' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि वर्णित है। इसके अंतर्गत, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ता (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी ' 'ऑनलाइन' ' आयोजित की जाएगी।

क्र सं.	ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना राशि	कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	नीलामी की तिथि और समय	ईएमडी और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय	अधिकृत अधिकारी का नंबर
1.	गौंड सतेंद्र कुमार, गौंड आशमा देवी	मकान-संपत्ति डायवर्टेड भूमि, प्लॉट नंबर एलआईजी-71, खसरा नंबर 1328/20 क्षेत्रफल 0.0050 हेक्टेयर या 54.00 वर्गमीटर, संपत्ति स्थिति - मौजा-परसदा, प.ह.नं. 13, आर.आई.सी.-कुम्हारी, तहसील भिलाई-3 व जिला दुर्ग (छ.ग.), कुम्हारी, छत्तीसगढ़-490042, चौहद्दी: पूर्व -एलआईजी-102, पश्चिम-रोड, उत्तर-एलआईजी-72, दक्षिण-एलआईजी-70।	06-05-2026	16,15,838	07-07-2026	12,73,248	1,27,325	26-09-2026 (11am-6pm)	24-09-2026 (upto 5pm)	8197388148
2.	परमानंद खातरकर, रक्षा	फ्लैट-आरडीए इंद्रप्रस्थ योजना -1, फ्लैट नंबर 304, दूसरी मंजिल, प.ह.नं. 104/57, फ्लैट नंबर बी-304, दूसरी मंजिल, क्षेत्रफल 290 वर्ग फुट, खसरा नंबर 125 का भाग, 128/1, 128/3, रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना, मौजा रायपुरा, माधव राव सप्रे वार्ड, वार्ड नंबर 68, प.ह.नं. 104/57, आर.आई.सी. 1, तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001। चौहद्दी: उत्तर-सीढ़ियाँ, दक्षिण - फ्लैट नंबर 303, पूर्व - सड़क, पश्चिम - खुला प्लॉट।	04-07-2025	4,96,360	20-07-2026	2,00,000	20,000	26-09-2026 (11am-6pm)	24-09-2026 (upto 5pm)	9822890334

ई-नीलामी सेवा प्रदाता:	ई-ऑक्शन वेबसाइट/जानकारी और अन्य शर्तों के लिए:	ईएमडी / अन्य राशि जमा करने हेतु खाता नंबर	शाखा आईएफएससी कोड:	लाभार्थी का नाम
कंपनी का नाम: ई- प्रोक्यूरमेंट टेक्नालॉजीस लिमि. (ऑक्शन टाईगर) हेल्पलाइन नंबर: 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net	http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net	911020005835824- होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लिमिटेड बैंगलौर केटी	UTIB0000009	अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड

बोली वृद्धि राशि 10,000/- रुपये है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। अधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह बिक्री प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी भी विसंगति की स्थिति में, सूचना का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जाएगा।**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना

ऋणधारक/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक: 11-09-2026 स्थान: रायपुर हस्ताक्षरकर्ता /- अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

शब्द पहेली - 6344



बाएँ से दाएँ
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना व

श्री शंकर मशीनरी स्टोर्स बना जियो स्पार्क माइक्रोइन्वर्टर्स का अधिकृत चैनल पार्टनर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नई तकनीकी पहल के तहत रायपुर के वीआईपी रोड स्थित सयाजी होटल में जियो स्पार्क माइक्रोइन्वर्टर्स का तकनीकी सत्र एवं उत्पाद लांच कार्यक्रम हुआ। इस दौरान 'जियो स्पार्क डुअल मोड माइक्रोइन्वर्टर' को बाजार में लांच किया गया।

साथ ही वर्ष 1976 से मध्य भारत में सेवा और विश्वसनीयता के लिए पहचान रखने वाले श्री शंकर मशीनरी स्टोर्स को जियो स्पार्क माइक्रोइन्वर्टर्स का अधिकृत चैनल पार्टनर घोषित किया गया। कार्यक्रम में क्रेडा के मुख्य अभियंता आर.एस. भाकुनी, सीएसपीडीसीएल सोलर सेल के हेड नागार्जुन बिम्बिसार और



आरईसी विभाग के सत्यभान साहू मौजूद रहे। कंपनी के अनुसार डुअल मोड माइक्रोइन्वर्टर ऑन-ग्रिड और ऑफ-ग्रिड, दोनों परिस्थितियों में काम करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सोलर वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी, सोलर वेंडर्स, क्रेडा-सीएसपीडीसीएल के अधिकारी और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए।

श्री शंकर मशीनरी स्टोर्स के सीएमडी एवं सीएसडब्ल्युए अध्यक्ष संतोष मिश्रा और आकाश मिश्रा ने बताया कि यह साझेदारी प्रदेश में आधुनिक सौर तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

तीन दिन से जारी गिरावट थमी, सेंसेक्स 138 अंक चढ़ा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 138 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 46 अंक के लाभ में रहा। कारोबार के अंतिम घंटे में एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने से पूरे दिन निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता सीमित रही।

क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 18 से 20 सितंबर तक रजिस्ट्री-स्टाम्प ड्यूटी में 50 प्रतिशत छूट

- हर लोकेशन पर हर बजट की प्रॉपर्टी लेने का मिलेगा बेस्ट ऑप्शन
- इंडोर स्टेडियम में 50 बिल्डर्स 250 प्रोजेक्ट के साथ रहेंगे मौजूद

रायपुर। राजधानी में प्रॉपर्टी खरीदने का इंतजार कर रहे लोगों के लिए बड़ी खबर है। क्रेडाई छत्तीसगढ़ का सातवां प्रॉपर्टी एक्सपो 18 से 20 सितंबर तक बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। एक्सपो में प्रदेशभर के 50 से अधिक बिल्डर्स 250 से ज्यादा प्रोजेक्ट के साथ शामिल होंगे। खास बात यह है कि एक्सपो के दौरान बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 फीसदी छूट का लाभ मिलेगा। आयोजकों



के अनुसार यह अब तक का सबसे बड़ा ऑफर है। एक्सपो में फ्लैट, बंगला, मकान, विला, प्लॉट और कमर्शियल स्पेस के विकल्प एक ही जगह उपलब्ध रहेंगे। अलग-अलग लोकेशन और बजट के अनुसार खरीदारों को प्रॉपर्टी चुनने का अवसर मिलेगा। होम लोन और फाइनेंस से जुड़ी जानकारी के लिए बैंकिंग संस्थानों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। वहीं प्रॉपर्टी से संबंधित कानूनी जानकारी देने के लिए रेरा का स्टॉल भी मौजूद रहेगा। पत्रकारवार्ता में क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलछा, सचिव अभिषेक बच्छावत, आईपीपी संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष आयुष मोदी, प्रोग्राम चेयरमैन अशोक मूंदड़ा और प्रतीक केवलानी ने एक्सपो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्रेडाई से जुड़े बिल्डर्स रेरा और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के निर्धारित नियमों का पालन करते हैं। एक्सपो का उद्देश्य खरीदारों को एक ही प्लेटफॉर्म पर अधिक से अधिक विकल्प और विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराना है।

'क्रेडाई सेलिब्रेट्स रायपुर' अभियान भी बनेगा आकर्षण

एक्सपो में 'क्रेडाई सेलिब्रेट्स रायपुर' अभियान की जानकारी भी विजिटर्स को दी जाएगी। अभियान के जरिए रायपुर के इतिहास, विकास, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों से लोगों को जोड़ा जा रहा है। अभियान में नवनीत अग्रवाल, ऋषभ कटारिया, मुकेश बजाज, जीतू लोहाना, संजना बघेल, ऋत्विक नत्थानी, माधवी नत्थानी, प्रसन्न नीले, शशांक अग्रवाल, अभिषेक फतनानी, अमरदीप गांधी और तमन्ना कुकरेजा समेत युवा सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी जिला- धमतरी (छ.ग.)

Phone 07722-236704, (Office) E-mail- ee-res.dhamtari@nic.in

ऑनलाईन निविदा सूचना क्रमांक- 09 (द्वितीय आमंत्रण)

क्रमांक/1946/निविदा/ग्रा.यां.से./26-27 धमतरी, दिनांक 09/09/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

ग्रुप. क्रं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)
1	2	3
1.	शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल डोंगरडूला में 50 सीटर बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य, ग्राम- डोंगरडूला, वि.खं. - नगरी, जिला- धमतरी	180.56

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 11.09.2026 समय शाम 5:30 बजे से देखी / डाउनलोड की जा सकती है। ऑनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि 20.09.2026 को शाम 5:30 तक, मैनुअल लिफाफा प्राप्ति की अंतिम तिथि 21.09.2026 को शाम 5:30 तक है एवं निविदा दिनांक 22.09.2026 को 10:30 बजे खोली जावेगी ।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)

G-262703204/3

Directorate of Research Services, Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Krishak Nagar, Raipur, Chhattisgarh

Notice Inviting Expression of Interest (EOI)

DRS/CIC-KVK/2026-27/ 1360 Dated: 09/09/2026

Expressions of Interest (EOI) is invited for selection of firm for operation, maintenance and management (O&M) of recently established **Common Incubation Centre under IGKV at following centre:**

- **Krishi Vigyan Kendra, Jagdalpur, Bastar, Chhattisgarh (2nd Call)**

The firm may be individual firm/partnership firm/limited company, Self Help Group, Co-operative, Farmer Producers Company/Organisation, Private Agencies etc. who would be able to run Common Incubation Centre (CIC) as per PMFME guidelines. The Expression of Interest (EOI) document and other details of the CICs is available on university website **www.igkv.ac.in** and the same can be downloaded w.e.f. **15-09-2026**. The last date of submission of Expression of Interest (EOI) is **15-10-2026**.

NOTE: A bidder has to submit application along with EOI fees and EMDs.

Director Research Services
IGKV, Raipur (CG)

S- 49010/2

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

(प्रपत्र-अ) प्रथम निविदा आमंत्रण -

ई - प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

website- www.cgmsc.gov.in

Main Portal http://eproc.cgstate.gov.in

स.क्र.	नि.आ.सू. क्रं.	कार्य का नाम	राशि (लाख में)
1	11068	जिला रायगढ़ वि.ख. धरमजयगढ़ में सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	417.39
2	11069	जिला रायगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा का उन्नयन कार्य।	224.18
3	11070	जिला रायगढ़ वि.ख. धरमजयगढ़ के हाटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	159.98
4	11071	जिला रायगढ़ वि.ख. लैलूंगा के मुकडेगा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	96.32
5	11072	जिला रायगढ़ वि.ख. खरसिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चपले में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	23.94
6	11073	जिला रायगढ़ वि.ख. खरसिया के सिविल अस्पताल खरसिया में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	24.11
7	11074	जिला रायगढ़ वि.ख. धरमजयगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गनपतपुर में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	24.27
8	11075	जिला रायगढ़ वि.ख. धरमजयगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खम्हार में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	26.23
9	11076	जिला रायगढ़ वि.ख. धरमजयगढ़ के पखनाकोट में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	31.22
10	11077	जिला रायगढ़ वि.ख. घरघोड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टेण्डा नवापारा में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	27.86
11	11078	जिला रायगढ़ वि.ख. घरघोड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कया में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	29.35
12	11079	जिला रायगढ़ वि.ख. घरघोड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहिरकेला में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	25.20
13	11080	जिला रायगढ़ वि.ख. तमनार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सराईपाली में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	24.02
14	11081	जिला रायगढ़ वि.ख. तमनार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उरबा में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	25.38
15	11082	जिला रायगढ़ वि.ख. तमनार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लिबरा में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	25.88
16	11083	जिला रायगढ़ वि.ख. लैलूंगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	26.90
17	11084	जिला रायगढ़ वि.ख. लैलूंगा के 50 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल लैलूंगा में बाहरी एवं आंतरिक पेंट पुट्टी निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	40.03
18	11085	जिला रायगढ़ वि.ख. लैलूंगा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजपुर में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	29.35
19	11086	जिला रायगढ़ वि.ख. लैलूंगा के उप स्वास्थ्य केन्द्र चोरंगा में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	21.50

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 17/09/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 08/10/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज ऑनलाइन स्वीकार की जावेगी।

S-49013/1 अधीक्षण अभियंता

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल,चाईबासा।

अल्पकालीन ई०–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–

WRD/MID/CHAIBASA/ F2-10/2026-27(DMFT) (3rd Call)

1. कार्य का नाम :–

क्र० संख्या	योजना का नाम	जिला	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	नवागांव पंचायत के ग्राम गुड़ा में बरजोम इकिर तक वृहद सिंचाई निर्माण।	पश्चिमी सिंहभूम।	झींकपानी	249.368	10,000.00	499000.00	9 माह

नोट :– केवल ई०–निविदा(Online Mode) ही स्वीकार होगा।

2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट WWW.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
3. बेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 25.09.2026 के 11:00 बजे पूर्वाहन् से।
4. ई०–निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.10.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. ई०–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.10.2026 को 11:00 बजे पूवाहन् ।
6. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप (Online) प्राप्त की जायेगी।
7. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम, पता , दूरभाष सं0 एवं ई0मेल आई डी0– कार्यपालक अभियंता , लघु सिंचाई प्रमण्डल, चाईबासा/9572468424 ई0मेल & eemidchaibasa@gmail.com, eemidchai-cemr-jhr@nic.in
8. निविदा के B.O.Q की राशि घट–बढ़ सकती है तदानुसार B.O.Q के मूल्य एवं अग्रधन की राशि में बदलाव होगा ।
9. प्राक्कलित राशि का 10 प्रतिशत से अधीक के दर से निविदित (Quoted rate is more than 10% below the schedule rate) के परिपेक्ष में पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के पत्राक 2146(S) दिनाक 09.09.2020 के शर्तावली के अनुसार अतिरिक्त जमानत की राशि एकरारनामा करने के समय जमा करना अनिवार्य होगा ।
10. निविदा निश्पादन Duuble Bid Envelope पद्धति से किया जाएगा Technical Bid में सफल निविदादाता का ही Financial Bid खोला जाएगा। उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम का पत्राक 1679, दिनांक 23.12.2022 के आलोक में निविदा डालने के समय चाईबासा जिलान्तर्गत किसी भी प्रमण्डल/विभाग द्वारा आवंटित कार्य एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नही होने संबंधी शपथ–पत्र Affidavit देना होगा। निविदा के एक NIT में एक निबंधन पर दो से अधिक कार्य आवंटित नहीं किया जाएगा। वैसे संवेदक जो एकरारनामा में अंकित कार्य पूर्ण करने की तिथि तक योजनाओं का कार्य अधूरा रखे हुए हैं। उन्हें जिला अन्तर्गत चलने वाली किसी भी योजना में तब तक कार्य आबंटित नहीं किया जाएगा जब तक अपने पूर्व के कार्य को समाप्त न कर दें। जिला अन्तर्गत किसी भी विभाग का कार्य लम्बित होने की सूचना यदि इस कार्यालय को प्राप्त होती है तो संबंधित संवेदक को कार्य आवंटित नहीं किया जाएगा।
11. सम्बेदक द्वारा डाली गई Online सभी अभिलेख Digital Signature रहना अनिवार्य है।
12. निविदा खोलने के की तिथि से 5 दिनों के अन्दर निविदादाता द्वारा अपनी आपत्ति/दावा दर्ज कराये अन्यथा अवधि बीतने के पश्चात् कोई भी आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगा।
13. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
14. Technical Bid में Qualify करने वाले संवेदकों/फर्म का ही Financial Bid खोला जाएगा।
15. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई०–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, चाईबासा।

PR 389408 (West Singhbhum) 26-27 (D)

कार्यालय प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिन्दगढ़, जिला - सुकमा (छ. ग.)

CBSE Code-3320472 emrsbalatikrachhindgarh@gmail.com
School Code-17451, Dise Code-22213510316

क्रमांक /1048/ प्राचार्य / क. एक. आ.आ.वि. / 2026-27 छिन्दगढ़, दिनांक 10/09 / 2026

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा जिला सुकमा के संचालन हेतु शिक्षण सत्र 2026-27 हेतु निम्नदर्शित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित पंजीकृत फर्मों / आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने के अंतिम तिथि 17.09.2026 है।

क्रमांक	सामग्री का नाम
1	फल सामग्री
2	माँसाहार सामाग्री
3	बेकरी एवं स्वीट्स सामग्री

उपरोक्तानुसार विस्तृत निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी, निविदा फार्म, नियम-शर्ते इत्यादि विद्यालय की वेबसाइट www.gemrsbalatikrachhindgarh.COM अथवा कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ़ जिला सुकमा से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
बालाटिकरा, छिंदगढ़, जिला सुकमा (छ.ग.)

S-49014/1

कार्यालय संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर, संबंद्ध चिकित्सालय कांकेर जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/ संयु.सं.सह.अ.अधी./ भण्डार/ 2026-27/4683/
कांकेर, दिनांक, 08/09/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर, संबंद्ध चिकित्सालय कांकेर के लिए वर्ष 2026-27 में निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से अस्थि रोग एवं अन्य विभागों के इंम्प्लांट सामग्री के क्रय हेतु मुहरबंद निविदायें रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर (जी. एस.टी. प्रमाण पत्र सहित) रूपये 1000/- (एक हजार रूपये) अधोहस्तारकर्ता के नाम डी.डी. / बैंकर्स चेंक के रूप में मूलतः प्रस्तुत कर अंतिम तिथि तक कार्यालयीन दिवस व कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है ।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि- 18/09/2026 अपरान्ह 11:00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 18/09/2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 18/09/2026 अपरान्ह 01:00 बजे

संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक,
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
संबंद्ध चिकित्सालय कांकेर (छ.ग.)

G- 262703209/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा शीतला मंदिर के पास सिघौंरी, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

E-mail Id- eeres.bemetara@gmail.com

क्र.2321/का.अभि/वलेल /ग्रा.यां.सेवा/2026-27 बेमेतरा, दिनांक 9/9/2026

संक्षिप्त मैनुअल (जोनल) निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 08

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा निर्माण एवं संधारण कार्य हेतु दर अनुसूची जो दिनांक 01.11.2021 तथा विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 में प्रचलित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर विकासखण्ड बेमेतरा हेतु भाग-05, भाग-06, भाग-07, विकासखण्ड बेरला हेतु भाग-03, भाग-04, भाग-05 एवं विकासखण्ड नवागढ़ हेतु भाग-05, भाग-06, भाग-07 के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में स्वीकृत छोटे छोटे निर्माण कार्यो हेतु अनुमानित लागत प्रत्येक भाग 20.00 लाख रूपये का जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदा की समस्त शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in में दिनांक 10.09.2026 से देखी / डाउनलोड की जा सकती है एवं निविदा प्राप्ती की अंतिम तिथि 24.10.2026 तथा निविदायें दिनांक 28.10.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जावेगी।

(नरेन्द्र कुमार कौशिक)
कार्यपालन अभियंता,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

G-262703219/3

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, NATIONAL HIGHWAY DIVISION,CHAIBASA JHARKHAND,PIN No.833201

EmailID–eenh.chaibasa@gmail.com&eenchaibasa-jhr@nic.in

INVITATION FOR BIDS (IFB)
NATIONAL COMPETITIVE BIDDING

Tender Reference No. : - NH/CHAIBASA/05/2026-27 Date 09.09.2026

The Executive Engineer, National Highway Division, Chaibasa invites item rate bids online for the work detailed in the table given below. The bidder is advised to examine carefully all instructions including addendum/ amendments to ITB, conditions of contract, contract data, forms, terms, technical specifications, bill of quantities etc. in the Bid Document before bidding:-

Sl. No.	Name of Work	State	Estimated Cost including LC and excluding GST (in Rs.)	Cost of RFP document (in Rs)	Bid Security	Contract Duration* (Month)
1	Construction of RCC Retaining Wall at Km 79+910, 79+920, 80+150 & Provision of Road safety furniture on NH-75E (New NH-20) in the state of Jharkhand for the year 2026-27	Jharkhand	2,35,42,260.00	10,000/- (RFP) & 1,800/- (GST)	4.71 Lakh	06

Note: - "The estimated Cost, Bid Security, tender value, period of completion of the work may be decreased or increased and the above said tender may be cancelled as per requirement due to unavoidable reason".

2. Tender will be available online on MORTH portal https://eprocure.gov.in and e-tendering portal of MORTH portal https://eprocure.gov.in from 19.09.2026 (12:30 PM) hrs to 28.09.2026 Hours (17.00 PM). Bids must be submitted online only at e-tendering portal of MORTH website https://eprocure.gov.in on or before to 28.09.2026 Hours (17:00 PM) and technical bids received online will be opened on 29.09.2026 at 15:30 PM hours.
3. Bid through any mod will not be entertained. However, Bid Security, Receipt of Document fee, Power of Attorney and Joint Bidding Agreement, etc shall be submitted physically by the bidder on or before 29.09.2026 (at 15:00PM Hrs). Please note that the Ministry/Authority/Executing Agency reserves right to accept or reject all or any of the BIDs without assigning any reason whatsoever.
4. Bid Document Fee (Cost of RFP document) which Rs. 10,000/- (Rupees Ten thousand only) shall be paid only through NTRP (Non –Tax Receipt Portal) Portal https://bharatkosh.gov.in to Pay& Accounts Officer (PAO: 034756 in "Regional Pay Accounts Officer [RPAO (NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122 Purpose: Sale of Tender Documents.]. The GST of Rs.1800/- (Rs. One Thousand Eight hundred only) applicable on the sale of tender document shall be submitted in the form of Demand Draft favoring "Regional Pay & Accounts Officer (NH), MORTH, Kolkata", payable at Kolkata.
5. Bids must be accompanied by security of the Bid Security amount of Rs.4.71 lakh from any scheduled Bank drawn in favour of "Executive Engineer, National Highway Division, Chaibasa". Bid security will have to be in any one of the forms as specified in the bidding document and shall have to be valid for 120 days beyond the original validity of the bid in accordance with SBD (I.T.B) Clause-15.1.

Executive Engineer,
National Highway Division,Chaibasa.

PR 389444 West Singhbhum(26-27).D

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंजिल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एन.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1230 दिनांक:-01/09/2026

संदर्भ:

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (26) कम्पनियों का नाम **छत्तीसगढ़** राज्य से हटाने के मामले में:

S. No.	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC5263941	U05101CT2026PTC019492	टू अर्थ मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड
2	AC5314954	U24319CT2025PTC018322	श्री अंजनीसुत अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड
3	AC4931381	U14101CT2025PTC018318	टाइनीब्ल्यू अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड
4	AC5315779	U21000CT2025PTC017646	टेरासोल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5037463	U19204CT2025PTC017485	सारा बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5037582	U05109CT2025PTC017399	सारा बेनेफिशिएशन प्राइवेट लिमिटेड
7	AC5420145	U32509CT2024PTC017238	पंचतत्व इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
8	AC5022403	U24102CT2025PTC017400	सारा स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड
9	AC5451441	U78300CT2024PTC016321	व्हाइटलाइन फेदर्स ओपन सोर्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
10	AC5213886	U51909CT2022PTC013812	बालाजी दुबे ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड
11	AC5461101	U74140CT2022PTC013341	इन्वेस्टोकल्चर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
12	AC4847778	U15490CT2021PTC012520	बारबारिक साल्वेंट प्राइवेट लिमिटेड
13	AC5220279	U24297CT2020PTC010896	वाशु हर्बल प्राइवेट लिमिटेड
14	AC5368987	U70109CT2020PTC010056	वीर रीयलटेक प्राइवेट लिमिटेड
15	AC5242252	U74140CT2019PTC009471	इंटरेस्टोपेडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
16	AC5338377	U74140CT2019PTC009362	एसक्यूआईएन कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
17	AC5416226	U93090CT2019PTC009365	सपोर्ट एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
18	AC5344396	U60231CT2019PTC009301	ओटी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
19	AC4932102	U45500CT2022PTC014097	एमसीटी कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड
20	AC4984393	U51909CT2018PTC008592	मैकक्रॉस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
21	AC5165252	U72200CT2016OPC007359	स्ट्रेच2सेव सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
22	AC5047552	U24232CT2016PTC002156	कज़ाका केयर प्राइवेट लिमिटेड
23	AC5118369	U25203CT2012PTC000125	लक्ष्मियाशो कन्वेयर्स एंड वेरियंट्स प्राइवेट लिमिटेड
24	AC5304747	U74130CT2016PTC002123	सर्व्या ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड
25	AC5231612	U74120CT2012PLC000370	ट्रिबेलिया आर्ट्स लिमिटेड
26	AC4552195	U80301CT2009PTC021378	मेक ओवर अकादमी प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

इरफान तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0521/2627

यूएस ओपन : अब मुकाबला नई नंबर एक एलेना रायबाकिना से

कोको गॉफ सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कोको गॉफ ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला विश्व की नई नंबर एक खिलाड़ी एलेना रायबाकिना से होगा। वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपने दूसरे खिताब की कवायद में लगी गॉफ ने दूसरे सेट के टाईब्रेकर में कुछ मैच प्वाइंट बचाए और इसके बाद शानदार वापसी करके मीरा एंड्रीवा को 2-6, 7-6 (7), 6-2 से हराकर रायबाकिना के खिलाफ कड़े मुकाबले की नींव रखी। इससे पहले रायबाकिना ने झेंग किनवेन को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि टूर्नामेंट के बाद वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगी। महिला वर्ग का एक अन्य सेमीफाइनल में वर्तमान में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका का सामना तीसरे नंबर की जेसिका पेगुला से होगा। गॉफ ने खराब शुरुआत के बावजूद वापसी करते हुए अमेरिकी ओपन में दूसरी बार चैंपियन बनने की उम्मीद जीवंत रखी।

खराब शुरुआत के बाद गॉफ ने की वापसी

ज़्वेरेव और खाचानोव आसान जीत के साथ सेमीफाइनल में



शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज़्वेरेव का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल तक का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा था लेकिन उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। ज़्वेरेव ने क्वार्टर फाइनल में बोटिक वैन डे जैंडशल्प को 6-2, 7-5, 6-1 से आसानी से हराया। इस तरह से उन्होंने मौजूदा सत्र के सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने की विशिष्ट उपलब्धि हासिल की।

सबसे कम कीमत पर
Antique Jewellery
Gold Rate (x) * with Making %

22k Gold Value	Making Charges	Total %
91.6%	+ 3.99%	= 95.59%

Jewellery Price* per 10 grams.
₹ 1,45,577/-
making charges included
ANAND Gold
पंडरी, रायपुर



ईशान की कप्तानी में ईस्ट जोन ने 13 साल बाद खिताब पर किया कब्जा

दलीप ट्रॉफी 2026 पहली पारी में बनाई बढ़त के आधार पर विजयी घोषित



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ईशान किशन की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में साउथ जोन के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त बनाई थी, जिसके चलते उन्हें खिताबी जीत मिली। चेपॉक स्टेडियम में खेला गया ये फाइनल मैच आखिरकार ड्रॉ पर समाप्त हुआ। बता दें कि ईस्ट जॉन ने 2012-13 के बाद ये प्रतिष्ठित खिताब जीता है। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास में ईस्ट जोन का तीसरा खिताब है। ईस्ट जोन ने कुल तीसरी बार दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता है। इससे पहले 2011-12, और 2012-13 में ईस्ट जोन की टीम विजेता बनी थी।

फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर वाले कप्तान

किशन इस पारी के बाद अब दलीप ट्रॉफी फाइनल में बतौर कप्तान सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इसी तरह वह इस ट्रॉफी के फाइनल में दोहरा शतक जड़ने वाले दूसरे कप्तान भी बने हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व दिग्गज बल्लेबाज अंशुमन गायकवाड़ को पछाड़ दिया है। गायकवाड़ ने साल 1987 में दलीप ट्रॉफी फाइनल में वेस्ट जोन की ओर से बतौर कप्तान 216 रन की दोहरी शतकीय पारी खेली थी। ईस्ट जोन की कप्तानी करने वाले किशन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 5 पारियों में 102.25 की औसत के साथ 409 रन बनाए। साउथ जोन के कप्तान तिलक ने 3 पारियों में 266.00 की औसत से 266 रन अपने नाम किए। ईस्ट जोन के कुमार कुशाग्र ने 44.80 की औसत के साथ 5 पारियों में 224 रन बनाए। उनके साथी खिलाड़ी सुदीप घरामी ने 193 रन अपने नाम किए।

सर्वाधिक विकेट

ईस्ट जोन के मुकेश कुमार और नॉर्थ जोन के आबिद मुश्ताक ने इस सीजन में सर्वाधिक विकेट लिए। मुकेश ने 5 पारियों में 14.91 की औसत के साथ 12 विकेट लिए, जबकि आबिद ने 16.25 की औसत से 12 ही विकेट चटकाए। ईस्ट जोन के तेज गेंदबाज अभिजीत सरकार ने 3 मैचों में 13.20 की औसत के साथ 10 विकेट चटकाए। उन्होंने एक पारी में 5 विकेट हॉल भी हासिल किया।

प्रमुख आंकड़े

दलीप ट्रॉफी 2026 ट्रॉफी में इकलौता दोहरा शतक किशन ने लगाया। उन्होंने इस सीजन में सर्वाधिक 11 छक्के भी लगाए। उन्होंने सबसे ज्यादा चौके (45) भी लगाए। इस सीजन में कुल 6 बल्लेबाजों ने एक-एक शतक लगाए। ईस्ट जोन के तेज गेंदबाज अभिजीत ने पारी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (5/20) किया। उनके अलावा आबिद मुश्ताक, एमडी निधीश और अनुकूल रॉय ने एक-एक पारी में 5 विकेट हॉल लिए।

भारतीय स्पिनरों के सामने बांग्लादेशी बल्लेबाज बेबस आए नजर

भारत एशिया कप फाइनल में

सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 40 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| दुबई

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64 रन) के अर्धशतक की बदौलत सात बार की चैंपियन भारतीय टीम ने यहां पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 40 रन से हराकर रविवार को होने वाले महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश किया। भारत अब श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगा। शेफाली ने अन्य भारतीय बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम को छह विकेट पर 149 रन के स्कोर तक पहुंचाया। बांग्लादेश की टीम इस लक्ष्य का पीछा करने में असफल रही और 20 ओवर में सात विकेट पर 109 रन ही बना सकी।

इस तरह से जीती भारतीय टीम

भारत से स्मृति मंधाना (2) के आउट होने के बाद प्रतिका रावल (20) और शेफाली (64) ने पारी को संभाला। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर 24 रन (28 गेंद) और ऋचा घोष 21 रन (16 गेंद) ने टीम का स्कोर 149 तक पहुंचाया। जवाब में बांग्लादेश ने पावरप्ले के बाद 26/1 का स्कोर बनाया। भारत से दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट लिए।



दीप्ति ने 3, नंदनी ने लिए 2 विकेट

भारत से दीप्ति ने अपने 4 ओवर में 26 रन देते हुए 3 विकेट लिए। बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी ने अपने 4 ओवर में 14 रन देते हुए एक सफलता हासिल की। उन्होंने एक ओवर मेडेन भी किया। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने 2 विकेट लिए। शेफाली ने अपने 4 ओवर में 25 रन दिए और कोई विकेट नहीं ले सकी।

शेफाली ने लगाया 20वां अर्धशतक

शफाली को 6 और 11 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर 2 जीवनदान मिले, इसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। पारी के चौथे ओवर के दौरान सुल्ताना के खिलाफ उन्होंने लगातार 2 छक्के लगाए। उन्होंने 35 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद भी उन्हें 56 के स्कोर पर भी जीवनदान मिला। वह 40 गेंदों में 64 रन की पारी खेलकर आउट हुई। अपनी इस अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए।

पाकिस्तान को 19-0 से रौंदकर भारत सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| मोकी (चीन)



भारत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां पाकिस्तान को 19-0 से करारी शिकस्त देकर महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और आक्रामक खेल का नजारा पेश करते हुए टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत में से एक दर्ज की। भारत ने जहां 19 गोल किए, 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया, वहीं पाकिस्तान एक भी गोल, पेनल्टी कॉर्नर या पेनल्टी स्ट्रोक हासिल नहीं कर पाया। भारत शनिवार को सेमीफाइनल में कोरिया और मलेशिया के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगा।

हमारे सम्मानित ग्राहकों के लिए सूचना

युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) ने 11 सितम्बर, 2026 को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का नोटिस दिया है।

बैंक प्रबंधन हड़ताल की अवधि के दौरान शाखाओं/कार्यालयों में सीमित सेवाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। तथापि, सामान्य कामकाज प्रभावित होने की स्थिति में ग्राहकों को असुविधा हो सकती है। अतः ग्राहकों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए हड़ताल की तिथि से पहले अपने बैंकिंग लेन-देन की योजना बनाएं और उन्हें पूरा करें। ग्राहकों को नकदी संबंधी आवश्यकताओं के लिए एटीएम (ATM) का उपयोग, और लेन-देन के लिए इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और अन्य डिजिटल बैंकिंग चैनलों को प्राथमिकता देने की सलाह दी जाती है।

प्रस्तावित हड़ताल के कारण ग्राहकों को होने वाली असुविधा के लिए बैंकों को खेद है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, छत्तीसगढ़
(संयोजक-भारतीय स्टेट बैंक)

डॉ. वाघानी
दर-दाँत (गम पेंट)
असली केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

अनाहत, अभय के सामने मलेशियाई चुनौती, एशियाई खेलों का ड्रॉ घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह को एशियाई खेलों में पुरूषों के एकल ड्रॉ में दूसरी वरीयता मिली है जबकि अनाहत सिह को महिला एकल वर्ग में तीसरी वरीयता दी गई है। एशियाई खेलों में स्क्वाश के ड्रॉ की घोषणा बृहस्पतिवार को हुई। इनका निर्धारण 13 जुलाई की विश्व रैंकिंग के आधार पर किया गया। भारत ने एशियाई खेलों में तीन स्वर्ण पदक जीते हैं लेकिन एकल वर्ग में यह उपलब्धि हासिल नहीं हुई है। स्क्वाश को लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में पहली बार शामिल किया गया है। एकल वर्ग में एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतने वाले को ओलंपिक में सीधे प्रवेश मिलेगा।

अनाहत को मिलेगी इन खिलाड़ियों से चुनौती

भारत की पहली जूनियर विश्व चैम्पियन अनाहत एशियाई खेलों में पदक की प्रबल दावेदार है । दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत को पांचवीं रैंकिंग वाली गत चैम्पियन मलेशिया की शिवसंगरी सुब्रमण्यम और जापान की छठी रैंकिंग वाली सातोमी वातांबे से चुनौती मिलेगी। ,वह हाल ही में लंदन क्लासिक में सुब्रहमण्यम से हार गई थी। भारत की तन्वी खन्ना को महिला एकल वर्ग में सातवीं वरीयता मिली है।

विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण में भारत ने जीते चार स्वर्ण

अहमदाबाद। मेजबान भारत ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण में चार स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य सहित कुल 15 पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। पदक तालिका में हालांकि भारत पांच स्वर्ण पदक जीतने वाले चेक गणराज्य से पीछे दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने दो स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता ने भारत के पैरा तीरंदाजों को 18 से 24 अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के लिए तैयारी का अच्छा मौका मिला। भारत की स्वर्ण पदक जीतने की मुहिम का नेतृत्व पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर सिंह ने किया। उन्होंने विजय सुंडी के साथ मिलकर पैरा रिकर्व पुरुष युगल का खिताब जीता।



हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे


डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



48 डिग्री तापमान में भी ठंडा रहता है दीमक का घर, आंधी-पानी का भी नहीं होता असर



नई दिल्ली। कहा जाता है कि इंसान प्रकृति को बहुत कुछ सिखाती है बशर्ते प्रकृति की भाषा को समझना आना चाहिए। धरती पर मौजूद पेड़-पौधे, नदी, पहाड़ से लेकर जानवर और इंसान तक सब प्रकृति की ही देन है। इंसानों के लिए इन सभी का अपना महत्व और खासियत है। बिहार के इकलौते टाइगर रिजर्व 'वाल्मीकि' में दीमकों के टीलों की भरमार है। रेतीली लाल मिट्टी से बने इन टीलों की लंबाई एक फीट से लेकर 12 फीट तक देखी गई है। आश्चर्य की बात यह है कि हर टीलों में लाखों दीमक रहते हैं, जो समय समय पर अपने आसपास मौजूद पेड़-पौधों या लकड़ियों में मौजूद सेल्यूलोज को खाते हैं। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट्स का मानना है कि दीमक प्रकृति के एक शानदार इंजीनियर हैं, जिनकी कारीगरी का लोहा वैज्ञानिकों ने भी माना है।

12 फीट तक लंबे टीले

विशेषज्ञों के अनुसार, दीमको के ये टीले प्राकृतिक इंजीनियरिंग का अद्भुत उदाहरण हैं, जिन्हें वे अपनी लार, मल और मिट्टी के मिश्रण से तैयार करते हैं। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मंगुराहा रेंज में कार्यरत नेचर गाइड सूरज बताते हैं कि रिजर्व के लगभग हर रेंज में इन टीलों की बड़ी संख्या देखने को मिलती है। इनकी ऊंचाई एक फीट से लेकर 12 फीट तक होती है और उनमें लाखों दीमक रहते हैं। एक बांबी को तैयार करने में 2 से 6 साल तक का समय लग जाता है।



गर्मी में भी ठंड का एहसास

वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ अभिषेक के मुताबिक, ये टीले बेहद मजबूत और टिकाऊ होते हैं। तेज बारिश, आंधी-तूफान या भीषण गर्मी का इन पर खास असर नहीं पड़ता। हैरानी की बात यह है कि बाहर का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के बावजूद बांबी के अंदर का तापमान लगभग 24-25 डिग्री बना रहता है, जो प्राकृतिक एयर कंडीशनिंग का बेहतरीन उदाहरण है।

अनोखी संरचना

इनकी संरचना भी बेहद खास होती है। जितनी ऊंचाई जमीन के ऊपर होती है, उतनी ही गहराई जमीन के अंदर भी होती है। इस तरह की बनावट के कारण अंदर हवा का संतुलित प्रवाह बना रहता है, जिससे हर मौसम में अनुकूल वातावरण तैयार होता है।

प्रकृति के इंजीनियर

दीमक कॉलोनी में रहते हैं, जहां रानी, राजा, सैनिक और श्रमिक की स्पष्ट भूमिका होती है। रानी दीमक एक दिन में 25 से 30 हजार तक अंडे दे सकती है। हालांकि, ये कीट घरों में नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन जंगल में इन्हें 'प्राकृतिक इंजीनियर' माना जाता है। भालू और पैंगोलिन जैसे जीव इनका शिकार भी करते हैं। सालों की मेहनत से तैयार ये टीले न केवल वैज्ञानिकों के लिए शोध का विषय हैं, बल्कि जंगल सफारी पर आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बनी हुई हैं।

देश का वो गांव जहां का खाना खाने पहुंचते हैं विदेशी, 5 स्टार होटल भी इसके सामने फेल!

जोधपुर। भारत की पहचान सिर्फ बड़े शहरों, आलीशान होटलों और ऐतिहासिक इमारतों से नहीं है। देश के गांवों में भी ऐसी अनोखी संस्कृति और खान-पान की परंपराएं मौजूद हैं, जिन्हें देखने और महसूस करने के लिए देश-विदेश से पर्यटक पहुंचते हैं। राजस्थान के जोधपुर के पास स्थित गुड़ा बिश्नोई गांव भी ऐसी ही जगहों में शामिल है, जहां ग्रामीण जीवन, प्रकृति और पारंपरिक राजस्थानी भोजन पर्यटकों को खास अनुभव देता है। जोधपुर से करीब आधे घंटे की यात्रा के बाद ग्रामीण परिवेश में पहुंचते ही शहर की भागदौड़ पीछे छूटती नजर आती है। यहां मिट्टी से बने पारंपरिक घर, खुले मैदान और राजस्थान की सादगी भरी जीवनशैली पर्यटकों का ध्यान खींचती है।

घर में मिलता है देसी राजस्थानी स्वाद

गुड़ा बिश्नोई गांव घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए सबसे आकर्षक अनुभवों में से एक पारंपरिक खाना भी है। कई जगहों पर स्थानीय घरों में तैयार किया गया राजस्थानी भोजन परोसा जाता है। दाल, रोटी, सब्जियां और पारंपरिक मिठाइयों से सजी थाली में स्थानीय स्वाद की झलक मिलती है। इस खाने की खासियत केवल इसके स्वाद में नहीं, बल्कि इसे तैयार करने के पारंपरिक तरीके में भी है। स्थानीय सामग्री और देसी अंदाज में तैयार भोजन पर्यटकों को होटल के सामान्य खाने से बिल्कुल अलग अनुभव देता है। यही वजह है कि ग्रामीण भोजन का अनुभव लेने में विदेशी पर्यटक भी काफी दिलचस्पी दिखाते हैं।



मिट्टी के घर और पारंपरिक शिल्प भी खास

प्रकृति के बेहद करीब है बिश्नोई समुदाय

बिश्नोई समुदाय को प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति अपने गहरे लगाव के लिए जाना जाता है। गांव के आसपास सफारी के दौरान पर्यटकों को काले हिरण, चिंकारा और कई तरह के पक्षी दिखाई दे सकते हैं। खास बात यह है कि यहां वन्यजीवों के प्रति लोगों का जुड़ाव सिर्फ देखने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी जीवनशैली में प्रकृति संरक्षण की भावना भी दिखाई देती है।

गांव की यात्रा के दौरान पर्यटक स्थानीय परिवारों के घरों को करीब से देख सकते हैं और वहां की रोजमर्रा की जिंदगी को समझ सकते हैं। कुछ जगहों पर मिट्टी के बर्तन बनाने, बुनाई और दूसरे पारंपरिक हस्तशिल्प को देखने का अवसर भी मिलता है। बिश्नोई गांव की यात्रा उन लोगों के लिए खास हो सकती है, जो राजस्थान को सिर्फ किलों और महलों के जरिए नहीं, बल्कि उसकी जमीनी संस्कृति के साथ समझना चाहते हैं। यहां का सादा जीवन, पारंपरिक भोजन, वन्यजीव और प्रकृति से जुड़ी सोच मिलकर एक अलग तरह का ग्रामीण अनुभव देते हैं। यही कारण है कि जोधपुर आने वाले कई पर्यटक शहर की मशहूर इमारतों के साथ ग्रामीण राजस्थान की इस झलक को भी अपनी यात्रा में शामिल करना पसंद करते हैं। गुड़ा बिश्नोई गांव बताता है कि असली राजस्थानी अनुभव कई बार बड़े होटलों से दूर, गांव की सादगी और घर के बने खाने में छिपा होता है।



कोबरा-वाइपर ने बदल दी किस्मत खास ट्रिक से खूब पैसे कमा रहे



नई दिल्ली। भारत में कहीं पर भी सांप को पालने का चलन नहीं है। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में स्थित शेतफल गांव सांपों के प्रसिद्ध है। गांव के घरों में सांपों के आराम करने और आने-जाने के लिए एक खास जगह बनाई जाती है, जिसे 'देवस्थानम' कहा जाता है। दुनिया का एक ऐसा गांव भी है, जिसने लोगों की किस्मत बदल दी। यह गांव पड़ोसी देश चीन में है। इसका नाम जिसिकियाओ है। यह गांव स्नेक फार्मिंग के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। जिसिकियाओ गांव चीन में है। यहां के लोग पहले जैसे-तैसे गुजारा करते थे। अब हालात बदल गए हैं। गांव के लोग अब मोटा पैसा कमा रहे हैं। सांपों से झुर्रियां हटाने के लिए क्रीम, मर्दाना ताकत बढ़ाने वाला पाउडर और वाइन बना रहे हैं। इस गांव में हर साल तीस लाख सांप ब्रीड किए जाते हैं।

सांपों से बनाई जाती है शराब

जिसिकियाओ गांव नहर के किनारे बसा हुआ है। यहां पर कभी बहुत गरीबी थी। यहां के लोग खेतीबाड़ी-मछली पकड़कर करके गुजारा करते थे। अब यहां सांपों से शराब बनाई जाती है। धूप में उन्हें सुखाकर सांपों से दवा तैयार करते हैं। चीन में इसे सांपों का गांव कहते हैं। इसी गांव के यांग होंग चांग बीते 40 साल से सांपों का कारोबार कर रहे हैं। यहां पर सांपों को शराब में डुबोकर भी रखा जाता है, ताकि ड्रिंक बनाई जा सके। माना जाता है सापों से तैयार की गई शराब से जोड़ों का दर्द ठीक हो जाता है।

लकड़ी और शीशे के बक्सों में पाला जाता है सांपों को

स्नेक फार्म में लकड़ी और शीशे के छोटे-छोटे बक्सों में सांपों को पाला जाता है। जब वो बड़े हो जाते हैं तो सबसे पहले जहर निकालते हैं। जहर को सूखाते हैं। सूखे हुए जहर को दवा कंपनियां खरीदती हैं। इसके अलावा सांपों से स्नेक पाउडर, स्नेक क्रीम और स्नेक वाइन भी बनाई जाती है। ये चीजें बढ़ती उम्र के असर को रोकने, स्किन को बेहतर बनाने में इस्तेमाल होती हैं। कोरोना के समय यहां सांपों की फार्मिंग पर रोक लगा दी गई। पूरी दुनिया से डिमांड में भी कमी आई।

अंटार्कटिका में फिर से लौट रहा हिमयुग? 22 महीने में 695 अरब टन बढ़ी बर्फ

लंदन। वैज्ञानिक दशकों से अंटार्कटिका में बर्फ के लगातार होने को लेकर चिंता जताते रहे हैं। पर्यावरणविदों का कहना है कि ग्लेशियरों से बर्फ पिघलकर समुद्र में गिर रही है, जिससे समुद्र का जलस्तर बढ़ता है। इसके लिए जलवायु परिवर्तन को प्रमुख वजह बताया गया है। लेकिन, साल 2021 और 2023 के बीच इस महाद्वीप में एक असामान्य बदलाव देखा गया है। वैज्ञानिकों ने पाया कि 22 महीनों में बर्फ का द्रव्यमान कम होने के बजाय 695 अरब टन बढ़ा है। यह पिछले दो दशों में हुई सबसे बड़ी बढ़ोतरी है।

वैज्ञानिकों ने बताया कैसे हुआ



हर साल पिघल रही थी 140 अरब टन बर्फ

ब्रिटिश जर्नल नेचर में प्रकाशित एक स्टडी में पाया गया कि यह असामान्य बढ़ोतरी मुख्य रूप से पूर्वी अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में हुई भारी बर्फबारी के कारण हुई थी। शोधकर्ताओं ने पाया कि 2003 और 2024 के बीच महाद्वीप का औसत द्रव्यमान नुकसान लगभग 140.5 बिलियन टन प्रति वर्ष था, लेकिन जुलाई 2021 और अप्रैल 2023 के बीच यह संतुलन तेजी से बदला।

बर्फ में कैसे हुई बढ़ोतरी?

स्टडी में बर्फबारी में बढ़ोतरी का संबंध उष्णकटिबंधीय महासागर के एक क्षेत्र में हो रही गर्मी से जोड़ा गया, जिसे ट्रॉपिकल वार्म पूल के नाम से जाना जाता है। स्टडी के लेखकों ने बताया कि सबसे बड़े बदलाव पूर्व अंटार्कटिका और अंटार्कटिका प्रायद्वीप में हुए, जबकि पश्चिमी अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में बर्फ का नुकसान जारी रहा। सबसे बड़ा जमाव क्वीन मैरी लैंड और विल्क्स लैंड में दर्ज किया गया, जहां शोधकर्ताओं ने लगबग 470 अरब टन की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया।

वैज्ञानिकों ने तैयार किया हाई-टेक प्लान

कोयला खदानों में अनाज उगाएगा चीन, न धूप चाहिए, न बारिश

बीजिंग। चीन अपनी बंद पड़ी कोयला खदानों को अंडरग्राउंड फार्म में बदलने की तैयारी कर रहा है। साइंटिस्ट्स ने रिसर्च करके इसके लिए पूरा प्लान भी बना लिया है और अब सरकार से हरी झंडी का इंतजार किया जा रहा है। इस प्लान में कहा गया कि जमीन के नीचे खेती करने से ना तो बारिश से फसल खराब होने की टेंशन रहेगी, ना ही खेतों में सूखा पड़ने का डर सताएगा। हर मौसम में फसल सुरक्षित रहेगी। हालांकि, वैज्ञानिकों ने साफ किया है कि फिलहाल उनका



मकसद बड़े पैमाने पर अनाज उगाना नहीं है, बल्कि वे इन खदानों को एक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एक्सपेरिमेंटल प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं। यहां साइंटिस्ट्स जमीन की गहराइयों में रोशनी, पानी, हवा, गर्मी और कार्बन के असर की बारीकी से स्टडी करेंगे।

कैसी होगी अंधेरी खदानों में खेती?

इस पूरी प्लानिंग का खुलासा हाल ही में आई चाइना माइनिंग मैगजीन से हुआ है, जिस पर साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने एक रिपोर्ट तैयार की है। इसमें बताया गया है कि खुले आसमान के बजाय बंद एनवायरनमेंट में खेती करना कैसे संभव होता है।











हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com